अध्याय 3

यीशु की सार्वजनिक सेवकाई जारी

''सूखे हाथ वाला आदमी'' (3:1-6)[1]

[1]वह फिर आराधनालय में गया; वहाँ एक मनुष्य था जिसका हाथ सूख गया था, [2]और वे उस पर दोष लगाने के लिये उस की घात में लगे हुए थे कि देखें, वह सब्त के दिन उसे चंगा करता है कि नहीं। [3]उसने सूखे हाथवाले मनुष्य से कहा, ''बीच में खड़ा हो।'' [4]और उनसे कहा, ''क्या सब्त के दिन भला करना उचित है या बुरा करना, प्राण को बचाना या मारना?'' पर वे चुप रहे। [5]उसने उनके मन की कठोरता से उदास होकर, उनको क्रोध से चारों ओर देखा, और उस मनुष्य से कहा, ''अपना हाथ बढ़ा।'' उसने बढ़ाया, और उसका हाथ अच्छा हो गया। [6]तब फरीसी बाहर जाकर तुरन्त हेरोदियों के साथ उसके विरोध में सम्मति करने लगे कि उसे किस प्रकार नष्ट करें।

आयतें 1-3. सब्त के दिन यीशु उपदेश देने के लिए **आराधनालय में गया; वहाँ एक मनुष्य था जिसका हाथ सूख गया था**। यीशु ने फरीसियों की शिक्षा में सुधार करने के लिए उनके व्यवस्था को गलत ढंग से इस्तेमाल किए जाने को दिखाने के लिए जानबूझकर सब्त का प्रश्न उठाया। छह अलग-अलग विवरणों में सब्त के दिन यीशु की चंगाई से सम्बन्धित झगड़े के बारे में बताया गया है।[2]

और वे उस पर दोष लगाने के लिये उस की घात में लगे हुए थे कि देखें, वह सब्त के दिन उसे चंगा करता है कि नहीं। एक बार फिर से फरीसियों ने यह देखने के लिए कि क्या वह सब्त के दिन अपनी शिक्षा के अनुसार करता है या नहीं, उसकी जासूसी करने का इरादा किया। आराधनालय में एक सूखे हाथ वाला आदमी था, और यीशु ने उससे यह कहते हुए, **''बीच में खड़ा हो,''** उसका जो कुछ वह करने वाला था दिखावा किया।

आयत 4. मत्ती 12:10 बताता है कि उस पर आरोप लगाने के लिए उन्होंने पूछा, ''क्या सब्त के दिन चंगा करना उचित है?'' परन्तु यीशु उनके मन के विचारों को जानता था। उसने यह कहते हुए उनसे उल्टा इससे भी बड़ा प्रश्न पूछ लिया कि **''क्या सब्त के दिन भला करना उचित है या बुरा करना, प्राण को बचाना या मारना?''** उत्तर इतना स्पष्ट होना चाहिए था कि कोई बच्चा भी दे सकता। इन सुनने वालों के द्वारा बुराई करने की बात सोची भी नहीं जानी चाहिए थी, परन्तु फरीसी लोगों को उस दिन किसी दु:खी व्यक्ति की सहायता करने से रोक कर बुराई कर रहे थे। यीशु जो कि उनके घातक विचारों को जानता था, अपने शब्दों के साथ उनके मन पर ही वार कर रहा था। अब तक वे उसकी हत्या करने की योजना बना रहे थे (3:6), और उसे यह मालूम था, फिर भी वह केवल भला करता जा रहा था। वह एक शब्द के साथ उन सबको नष्ट कर सकता था, परन्तु उसने उन्हें और उनकी जाति को और चालीस वर्ष रहने दिया।

पर वे चुप रहे। यदि वे मान लेते कि सब्त के दिन जान बचाने के लिए आवश्यकता पड़ने

पर भला किया जा सकता है (चाहे वह किसी जानवर को बचाना ही हो), तो उन्होंने अपने आपको हास्यास्पद स्थिति में डाल लेना था और उनके पास बिल्कुल कोई जवाब नहीं होना था। अपनी प्रतिक्रिया में फरीसियों ने एक बार फिर से अपने कपट को दिखा दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी रूढ़ीवादी होने की चिंता की, न कि सूखे हाथ वाले उस आदमी की। उन्हें सब्त के दिन खाई में गिरे पालतू पशु की सहायता करना या किसी जानवर को पानी पिलाना (लूका 13:15) उस दिन यीशु के किसी को चंगा करने से बेहतर लगा (मत्ती 12:11)। लूका 14:5 उनके इस विश्वास को दिखाता है कि सब्त के दिन किसी बच्चे या जानवर को कुएं से निकाला जा सकता है। कुमरान के और भी कठोर लोग सब्त के दिन किसी जानवर के जनने में सहायता करने या गड्हे में गिरे को बचाने का भी विरोध करते हैं।[3] दूसरी सदी ईसा पूर्व में, सब्त के दिन युद्ध करने के बजाय एक हज़ार पुरुषों, स्त्रियों और बच्चों ने अपने मार डाले जाने की अनुमति दी।[4] परन्तु सूखे हाथ वाला आदमी खतरनाक नहीं था और कई आराधनालय के प्रधान के साथ सहमत होंगे जिसने किसी और अवसर पर कहा, ''छ: दिन हैं जिनमें काम करना चाहिए, अत: उन ही दिनों में आकर चंगे हो, परन्तु सब्त के दिन में नही'' (लूका 13:14)।

बुराई अपना काम करती रहती है, यहां तक कि सब्त के दिन भी, इसलिए निश्चय ही उस दिन भला करना सही है। मृत्यु और बीमारी हर समय हमारे साथ रहते हैं; हमें हर समय दूसरों की सहायता करने या उन्हें हानि होने से बचाने के लिए काम करने को तैयार रहना चाहिए। यीशु के शत्रुओं ने उसे फंसाना चाहा था परन्तु उसने इसका इस्तेमाल उन्हें शर्मिंदा करने के अवसर में किया।

आयत 5. उनकी निष्ठुरता के कारण यीशु ने **उनके मन की कठोरता से उदास होकर, उनको क्रोध से** उनकी ओर देखा। उसका अपने ऊपर पूरा संयम है परन्तु उसका ''क्रोध'' (ὀργή, *orgē*) उसकी आंखों में ही रहा और उसके मुंह से नहीं निकला। उसका क्रोध आदर्श किस्म का क्रोध था, हमारे पाप पर परमेश्वर के क्रोध के जैसा। मरकुस ने यीशु के देखने का उल्लेख इसका वर्णन प्रत्यक्षदर्शी के रूप में किया। सम्भवतया पतरस ने इस देखने को याद किया जो कि उसके दिमाग में अमिट रूप से खुद गया था। यह पक्का नहीं है कि उसने ऐसा चेहरा कई बार देखा हो। यीशु उन्हें बचाने की अपनी पेशकश के लिए फरीसियों के मन की कठोरता और न मानने पर प्रतिक्रिया दे रहा था। यीशु तब भी नाराज़ हुआ जब उसने अपने ही चेलों की मन की कठोरता को देखा था (मरकुस 6:52)।

उसने तुरन्त उस आदमी को चंगा करने के लिए काम किया, क्योंकि देरी करना उनकी तुच्छ शिकायत के खतरों को बढ़ा सकता था। **और उस मनुष्य से कहा, ''अपना हाथ बढ़ा।''** उसने हाथ बढ़ाया, **और उसका हाथ अच्छा हो गया।**

आयत 6. तब फरीसी बाहर जाकर तुरन्त हेरोदियों के साथ उसके विरोध में सम्मति करने लगे। उनके पास यीशु को मार डालने की इच्छा करने के कम से कम तीन कारण थे। उसने परमेश्वर का पुत्र होने का दावा किया, जिसे उन्होंने परमेश्वर की निंदा माना; उनका मानना था कि उसका व्यवहार और शिक्षा सब्त के दिनका अपमान करने वाले हैं; वे इस बात से चिड़े हुए थे कि वे उनके कपट को सामने ला रहा था। उनके मन की कठोरता के कारण यीशु के प्रति कटुता बढ़ गई, जो उनके उसकी हत्या करने की इच्छा को बढ़ाने का कारण बनी।

क्या यीशु ने यहां पर सचमुच में कोई काम किया? निश्चय ही यह स्पष्ट नहीं था, चाहे हम जानते हैं कि किसी को भी चंगा करने के लिए सामर्थ लगी। उसके पास चंगा करने की ईश्वरीय सामर्थ थी, इसलिए उसके लिए सब्त के दिन इसे इस्तेमाल करना गलत नहीं हो सकता था। उसके सवाल करने वाले अपने आपको दोषी ठहराए बिना उस पर दोष नहीं लगा सकते थे, क्योंकि वे सब्त के दिन बहुत सी बातें करते थे। इसके साथ ही, मनुष्य होने के नाते, यीशु काम करते रहने के स्वाभाविक रूप में थक सकता था; उसके द्वार किए जाने वाले आश्चर्यकर्म उसमें से निकलने वाली सामर्थ का परिणाम हो सकते थे (देखें मरकुस 5:30)। ''सामर्थ'' (ἐξουσία, *exousia*) शब्द का इस्तेमाल उस साधन को बताने के लिए भी हुआ है जिससे यीशु ने किसी परेशान व्यक्ति के पापों को क्षमा किया (मत्ती 9:6, 8; मरकुस 2:10; लूका 5:24)।

सुसमाचार के विवरणों में **हेरोदियों** का नाम यहां पहली बार दिया गया है;[5] वे धार्मिक नहीं बल्कि एक राजनैतिक दल थे। मसीह ने ऐसे लोगों और उनकी शिक्षाओं को वास्तव में नज़रअंदाज किया। वे रोम के साथ समझौता करने वाले लोग थे। इसके विपरीत फरीसी लोग उन्हें प्राप्त करने वालों से घृणा करते थे; परन्तु मसीह के प्रति अपनी कटुता के कारण वे **उसे नष्ट** करने के लिए हेरोदेसियों के साथ सहयोग करने को तैयार थे। इस काम को अंजाम देने के लिए उनके पूर्वागृह ने बड़ा काम किया। वे जानते थे कि उन्हें यीशु को मरवाने के लिए हेरोदेसियों को राजनैतिक प्रभाव की आवश्यकता पड़ेगी।

फरीसी तब ''क्रोध से भरे'' आराधनालय से चले गए (लूका 6:11; NASB; NKJV)। अपने ''मन की कठोरता'' के साथ-साथ वे ''आग बबुला'' थे (NIV)। आयत 6 उन पांच विवादास्पद विवरणों का चरम है जिनका आरम्भ 2:1 में हुआ।[6]

बड़ी भीड़ और दुष्टात्माएं (3:7-12)[7]

[7]यीशु अपने चेलों के साथ झील की ओर चला गया: और गलील से एक बड़ी भीड़ उसके पीछे हो ली; [8]और यहूदिया, और यरूशलेम, और इदूमिया, और यरदन के पार, और सूर और सैदा के आस-पास से एक बड़ी भीड़ यह सुनकर कि वह कैसे अचम्भे के काम करता है, उसके पास आई। [9]उसने अपने चेलों से कहा, ''भीड़ के कारण एक छोटी नाव मेरे लिये तैयार रहे ताकि वे मुझे दबा न सकें।'' [10]क्योंकि उसने बहुतों को चंगा किया था, इसलिये जितने लोग रोग-ग्रस्त थे, उसे छूने के लिये उस पर गिरे पड़ते थे। [11]अशुद्ध आत्माएँ भी, जब उसे देखती थीं, तो उसके आगे गिर पड़ती थीं, और चिल्लाकर कहती थीं कि तू परमेश्वर का पुत्र है; [12]और उसने उन्हें बहुत चिताया कि मुझे प्रगट न करना।

आयतें 7, 8. मरकुस 3:6 और मत्ती 12:14, 15 बताते हैं कि फरीसियों द्वारा उसे जान से मार डालने की साज़िश के कारण **यीशु ... चला गया**। निजी ख़तरे से बचने के लिए यह उसका पहली बार जाना था, परन्तु बाद में उसने कई बार ऐसा करना था। फिर भी अब वह इतना प्रसिद्ध हो गया था कि **गलील से एक बड़ी भीड़** ने उसके पीछे पीछे चलते रहना था। उसके मुंह से निकली बात इतनी प्रभावशाली थी कि **यहूदिया और यरूशलेम** तथा **इदूमिया, और यरदन के पार, और सूर और सैदा के आस-पास** के इलाकों के सब लोग उसके श्रोता बनने के लिए

आते थे। मरकुस सुसमाचार के अन्य विवरणों से व्यापक सूची देता है, शायद रोमी जगत को यह बताने के लिए कि यीशु स्थानीय मसीहा या ऐसा व्यक्ति नहीं था जिसे केवल उसके अपने लोग आदर देते थे।

भीड़ **यह सुनकर कि वह कैसे अचम्भे के काम करता है, उसके पास आई** थी। आत्मा की बातों के जानकार कई बार (चाहे संसार के हिसाब से बहुत पढ़े लिखे न हों) अपने मामूली अनुमान से ऐसी ऐसी सच्चाइयों को समझ सकते हैं जो बड़े बड़े विद्वानों को अपनी पढ़ाई के बावजूद समझ नहीं आतीं। विद्वानों से छिपी हुई बात आम तौर पर भोले भाले लोगों को समझ आ जाती हैं (देखें मत्ती 11:25, 26)।

आयतें 9, 10. मरकुस (और उसका सम्भावित श्रोत पतरस) इतने सारे लोगों के इकट्ठा आने से बहुत प्रभावित होते होंगे। इस उत्तेजना से लोगों के बीच में और भी दिलचस्पी बढ़ती होगी। इसके अलावा, चेले उसके बारे में बातें करते रहते होंगे। लोग इतने अधिक थे कि वे सचमुच में **उसे छूने के लिए उस पर गिरे पड़ते** (3:10 में **थे** लिए मूल यूनानी शब्द [ἐπιπίπτω, *epipiptō*] के अनुसार) वे सचमुच में उस पर गिर रहे थे। मरकुस 5:25-34 दिखाता है कि यीशु का स्पर्श (या "उसे छूना") कितना सामर्थ से भरा होगा। भीड़ उसकी बातें सुनती थी परन्तु उनकी दिलचस्पी आत्मिक में कम शारीरिक में अधिक थी। हम उनके कमज़ोर हालत वाले प्रियजनों को **उसने बहुतों को चंगा किया** पर उनकी उत्तेजना की कल्पना भी नहीं कर सकते।

यीशु बहुत व्यावहारिक था। **उसने अपने चेलों से कहा, "भीड़ के कारण एक छोटी नाव मेरे लिये तैयार रहे ताकि वे मुझे दबा न सकें।"** वह अपनी रक्षा के लिए किसी ईश्वरीय चमत्कार पर निर्भर नहीं था, बल्कि भीड़ से ज़ख़्मी होने से बचने के लिए उसने समझदारी से काम किया।

चंगाई से हर प्रकार के लोगों के इकट्ठा होने से बहुत बड़ी भीड़ लग जानी थी। यीशु किसी आराधनालय के बजाय बाहर रहकर अधिक लोगों तक अपना संदेश पहुंचा सकता था। आवाज़ पानी के पार अच्छी तरह से चली जाती है, इस कारण नाव से यीशु लोगों के उस पर गिरे बिना, बहुत से लोगों को प्रचार कर सकता था।

आयतें 11, 12. अशुद्ध आत्माएं यीशु के आगे क्यों गिरनी थी[8] और उन्होंने उसे **परमेश्वर का पुत्र** क्यों मानना था? यहां पर यीशु ने सार्वजनिक रूप में अपने ईश्वरीय पुत्र होने की बात नहीं कही; केवल परमेश्वर ने ही ऐसा किया था (1:11)। फिर भी शैतान और दुष्टात्माओं को पता था कि वह कौन है। मरकुस को, जिसने बहुत बाद में लिखा, साफ़ तौर पर यीशु की असली पहचान पता थी (1:1)।

कुछ लेखक सोच भी नहीं सकते कि दुष्टात्माओं और भूतों को कैसे मालूम था और उन्होंने कैसे मानना था कि वह परमेश्वर का पुत्र है। उन्हें जैसे भी इसका पता हो परन्तु उन्होंने इन शब्दों में इस सच्चाई को माना कि "तू परमेश्वर का पुत्र है!" यह यीशु के लिए एक सामान्य शीर्षक था।[9] मत्ती 11:27 में सार्वजनिक प्रार्थना में उसने अपने लिए इसका इस्तेमाल भी किया:

> मेरे पिता ने मुझे सब कुछ सौंपा है; और कोई *पुत्र* को नहीं जानता, केवल पिता; और कोई

पिता को नहीं जानता, केवल *पुत्र;* और वह जिस पर *पुत्र* उसे प्रकट करना चाहे (देखें मत्ती 27:43; यूहन्ना 5:25)।

इस शब्द को पहले से मसीहा के शीर्षक के रूप मे समझा गया था (भजन 2:7; यूहन्ना 1:49)। पुनरुत्थान यीशु के परमेश्वर होने का अंतिम प्रमाण बन गया (प्रेरितों 13:33)। रोमियों 1:4 में संक्षेप में यह कहते हुए पौलुस ने लिखा कि ''पवित्रता की आत्मा के भाव से मरे हुओं में से जी उठने के कारण'' यीशु ''सामर्थ्य के साथ परमेश्वर का पुत्र ठहरा है।''

भूतों को ''अशुद्ध'' क्यों कहा जाता था? विलियम हैंड्रिक्सन ने यह निर्णय लिया: ''... क्योंकि नैतिक और आत्मिक तौर पर वे अशुद्ध, अपने आप में बुरे हैं, क्योंकि जिनमें वे वास करते हैं उन्हें बुराई करने के लिए कहते हैं।''[10] यीशु के **उन्हें बहुत चिता**ने में कि **मुझे प्रकट न करना** दोहराव मिलता है। शायद ऐसा उसने कई बार किया जब लगा कि वे उसे दण्डवत करने वाले हैं।

बारह को चुना जाना और सामर्थ दिया जाना (3:13-19)[11]

[13]फिर वह पहाड़ पर चढ़ गया, और जिन्हें वह चाहता था उन्हें अपने पास बुलाया; और वे उसके पास आए। [14]तब उसने बारह पुरुषों को नियुक्त किया कि वे उसके साथ-साथ रहें, और वह उन्हें भेजे कि वे प्रचार करें, [15]और दुष्टात्माओं को निकालने का अधिकार रखें। [16]वे ये हैं: शमौन जिसका नाम उसने पतरस रखा, [17]और जब्दी का पुत्र याकूब और याकूब का भाई यूहन्ना, जिनका नाम उसने बुअनरगिस अर्थात् 'गर्जन के पुत्र' रखा, [18]और अन्द्रियास, और फिलिप्पुस, और बरतुल्मै, और मत्ती, और थोमा, और हलफई का पुत्र याकूब, और तद्दै, और शमौन कनानी, [19]और यहूदा इस्करियोती जिसने उसे पकड़वा भी दिया।

आयत 13. यीशु का अगला कदम **पहाड़ पर** जाना था। लूका 6:12 के अनुसार, अपने पीछे चलने के लिए प्रेरितों को बुलाने से पहले उसने पूरी रात प्रार्थना में बिताई। यदि यीशु के लिए हर बड़ा निर्णय लेने से पहले प्रार्थना आवश्यक थी, तो हमारे लिए यह और भी आवश्यक होनी चाहिए। किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले परमेश्वर और उसकी योजना के बारे में सोचना हमारे लिए हमेशा बड़े काम का होता है।

आयतें 14, 15. जब यीशु की पृथ्वी की सेवकाई खत्म हो गई तो दूसरों को उस काम को आगे ले जाने के लिए तैयार रहना आवश्यक था। **तब उसने बारह पुरुषों को नियुक्त किया कि वे उसके साथ-साथ रहें, और वह उन्हें भेजे कि वे प्रचार करें, और दुष्टात्माओं को निकालने का अधिकार रखें।** अपने बाद विश्वास में चलने के लिए जवानों को प्रशिक्षण देना हमारा भी काम है (2 तीमु. 2:2)। ''चेला'' (μαθητής, *mathētēs*) शब्द का अर्थ ही ''नौसिखिया'' जैसा कुछ है जो किसी बड़े काम को करने के लिए तैयार होता है।

''प्रेरित'' (एक शब्द जो 6:30 में मिलेगा) आम तौर पर भेजने वाले के ''अधिकार'' (ποιέω, *poieō*) के साथ ''चुने गए'' (ἐξουσία, *exousia*) और किसी मिशन पर भेजे हुए को कहा जाता था। फरीसियों (मूल में ''अलग किए हुए'') यीशु के चेले रहन सहन

में लोगों के साथ घुल-मिल जाने थे। उनका काम प्रचार करना और दुष्टात्माओं के ऊपर परमेश्वर के अधिकार को दिखाना था। मत्ती 10:8 इसमें जोड़ते हुए कहता है कि उन्होंने बीमारों को चंगा करना, कोढ़ियों को शुद्ध करना और यहां तक कि मुर्दों को जिलाना था। उन्होंने मसीह के अधिकार से ही यह किया (देखें मत्ती 10:40)। उनका काम वही था जो यीशु का था यानी प्रचार करना और ''शैतान के कामों का नाश'' करना (1 यूहन्ना 3:8)।

जो भी पाप करता है वह शैतान की ओर से है, क्योंकि शैतान आरम्भ से ही पाप करता रहा है। परमेश्वर के पुत्र के प्रकट होने का कारण शैतान के कामों को नष्ट करना था। हमें लग सकता है कि यह काम धीरे-धीरे हो रहा है, परन्तु हो रहा है। परमेश्वर ने अपनी सच्चाई की पुष्टि के लिए यीशु और उसके प्रेरितों को अपनी सामर्थ दिखाने दें, और यह काम हमारे लिए लिख दिए गए हैं ताकि हमें विश्वास हो ''कि वह है, और अपने खोजने वालों को प्रतिफल देता है'' (इब्रा. 11:6)। बेशक अंतिम प्रदर्शन, हमारे अंतिम शत्रु (मृत्यु) की होगी और यह पुनरुत्थान के समय होगा, जब यीशु सब मुर्दों को जिला देगा (देखें 1 कुरिन्थियों 15:25, 26)।

आयतें 16-19. यीशु ने **बारह पुरुषों को नियुक्त किया**। ''बारह'' के अंक का इस्राएलियों के लिए बड़ा महत्व है, जो अब्राहम की संतान की बारह गोत्रों से सम्बन्धित है। प्राचीनकाल से इस्राएल ने ''परमेश्वर का नया इस्राएल'' अर्थात कलीसिया होना था (गला. 6:16)। पुराने नियम में बहुत से ''बारह'' मिलते हैं, जैसे भेंट की बारह रोटियां (लैव्य. 24:5, 6); सीनै पर्वत की वेदी के साथ बारह खम्भे (निर्गमन 24:4); एलिय्याह द्वारा बनाई गई बारह पत्थरों वाली वेदी (1 राजा. 18:31, 32)। नये यरूशलेम की बारह नींवें (प्रका. 21:14) और बारह फाटक (प्रकाशितवाक्य 21:12) ''इस्राएलियों के बारह गोत्रों'' के लिए लिए बाहर स्वर्गदूत थे ये बारह फाटक बारह मोती हैं (प्रका. 21:21)। स्वर्गीय नगर में बारह प्रकार के फल देने वाला जीवन का वृक्ष भी है (प्रका. 22:2)। यह प्रतीक याकूब के बारह पुत्रों से लिया गया हो सकता है, जिनसे सम्पूर्ण या (पूरी) कौम बनती है।[12] नये नियम में ''बारह'' शब्द पैंतीस बार मिलता है जिसमें अधिकतर प्रेरितों के लिए और उन गोत्रों या फाटकों की ओर इशारा करते है जिसका अभी अभी उल्लेख किया गया है।

मरकुस का प्रेरितों के नाम देना यीशु द्वारा अपने निकटतम चेलों को दिए प्रिय अरामी उपनामों वाला लगता है। **शमौन** (इब्रानी नाम) उसकी स्थानीय भाषा में **पतरस** नहीं ''केपास'' है; उस नाम *पेट्रास* (यूनानी में) दोनों का अर्थ ''चट्टान'' है। **याकूब** और **यूहन्ना** उग्र स्वभाव वाले **बुअनरगिस अर्थात् 'गर्जन के पुत्र'** थे।

''शमौन कनानी'' (मत्ती 10:4; मरकुस 3:18; KJV) **शमौन कनानी** का बढ़िया अनुवाद ''शमौन जेलोतेसी'' है, जैसा कि NASB में दिया गया है, क्योंकि यह नाम (Καναναῖος, *Kananaios*) से लिया गया है, जिसका अर्थ ''जोशीला'' है। यह या तो किसी राजनैतिक दल का नाम था जिसमें शमौन सक्रिय था या कनान के लोगों के लिए जिनमें से वह होगा उसके उत्साह का सुझाव देता उपनाम है। प्रेरितों में, ग्यारह यहूदियों के साथ वह अलग लगता होगा, यदि वह किसी कनानी विश्वास से यहूदी विश्वास में आया था। शायद यीशु ने इन सबको वैसे ही उपनाम दिए, जैसे ''पतरस'' को। जो भी हो यह पदनाम इस तथ्य को दिखाते हैं कि उसने अपने प्रतिनिधि बनने के लिए कई किस्म के किरदारों को इकट्ठा किया।

आरम्भिक विश्वासियों के लिए यह विभिन्नता अपने आप में ही एक परीक्षा या रुकावट रही होगी जो पूछते होंगे, ''वह इतने अलग-अलग लोगों के इकट्ठ को ऐसे कैसे सहन कर सकता है, जैसे वे वही हों?'' विश्वास की ऐसी परीक्षा के साथ, उसने केवल उन्हीं को आकर्षित किया होगा जो अपने से अलग दूसरों को, स्वीकार करना सीखकर उसकी शिक्षाओं को मानने के लिए समर्पित थे। यदि यीशु इस समूह में से कुछ बड़ा कर सकता था, तो निश्चय ही वह हमारे लिए भी वैसा ही कर सकता है!

आयत 18 में **अन्द्रियास, और फिलिप्पुस, और बरतुल्मै, और मत्ती, और थोमा, और हलफई का पुत्र याकूब, और तद्दै** के भी नाम हैं। प्रेरितों के नामों की सूचियों में **यहूदा** हर कहीं अंत में ही आता है और हर बार हमें यह याद दिलाया जाता है कि यह वही था **जिसने उसे पकड़वा भी दिया**। यीशु ने एक बार उसे ''शैतान'' कहा था (यूहन्ना 6:70, 71)। शायद पहले पहल वह दूसरे प्रेरितों की तरह ही सही था; परन्तु यह देखकर कि इस समूह की धन की थैली निर्धनों के हाथ में जा रही है, उसका लालच बढ़ता गया होगा और यह उसका प्रधान याजकों के साथ सौदेबाज़ी करने की बड़ी परीक्षा में पड़ने का एक कारण होगा (मत्ती 26:14, 15; मरकुस 14:10; लूका 22:4)। फिर भी सीमित आज्ञा के समय वह गया और दूसरे प्रेरितों की तरह ही उसने आश्चर्यकर्म किए (मत्ती 10:1)।

ध्यान देने योग्य अनुपस्थिति (3:19 और 3:20 के बीच)

इस विवरण में से यीशु का पहाड़ी उपदेश साफ़ तौर पर गायब है (देखें मत्ती 5-7)। सुसमाचार के विवरणों की तुलना से पता चलता है कि उसने वह उपदेश मरकुस 3:19 और 3:20 के बीच के समय दिया।

''उसका चित ठिकाने पर नहीं है'' (3:20, 21)

[20]तब वह घर में आया: और ऐसी भीड़ इकट्ठी हो गई कि वे रोटी भी न खा सके। [21]जब उसके कुटुम्बियों ने यह सुना, तो वे उसे पकड़ने के लिए निकले; क्योंकि वे कहते थे कि उसका चित ठिकाने नहीं है।

आयतें 20, 21. ये आयतें केवल **घर में उसके कुटुम्बियों** की बात करती हैं, चाहे इसका अर्थ केवल यीशु का परिवार है या इसमें मित्र और गांव के लोग भी शमिल हैं। NIV यह मानने में बहुत आगे निकल जाता है कि यह उसका ''परिवार'' था। इस वाक्यांश का जो कि वास्तव में अस्पष्ट है, मूल अर्थ है ''उसके अपने लोगों में से।''[13]

जो लोग यह मानते हैं कि यह लोग उसका परिवार थे, जिसे 3:21 को 3:31 के साथ जोड़ते हैं, जहां ''उसकी माता और उसके भाई'' बताया गया है; परन्तु इन दोनों भागों के बीच फासला बिल्कुल उल्ट अर्थ देने वाला हो सकता है। 3:20, 21 और 3:31-35 में दोनों विवरणों को अलग किया गया है परन्तु इकट्ठे जोड़ दिया गया है। दूसरे पद्य में, यीशु की माता और भाई बाहर थे, जो कि स्पष्टतया उसे घर ले जाना चाह रहे थे। उन्हें डर होगा कि वह कहीं इसी रास्ते पर न चल पड़ें; और वह सही थे! लोग उसके पीछे उसी घर तक आ गए थे जहां वह कुछ आराम करने

की कोशिश में गया था। मरकुस 3:31 जहां यह संकेत देता है कि उसके घर के लोग ''बाहर'' राह देख रहे थे, वहीं लूका 8:19 बताता है कि वे भीड़ के कारण उस तक नहीं जा पाए।

इस सदंर्भ में यीशु के ''कुटुम्बी'' उसके अपने मित्र (ASV; KJV; MSG; YLT) या आम लोग हो सकते हैं कि जिन्होंने उसे बड़ा होते हुए देखा था। ये साधारण लोग उसकी बातों और उसे कामों से चकित थे। और उनके लिए अपनी सेवकाई इतने महत्वपूर्ण थी कि उसे और उसके प्रेरितों को इतना समय नहीं मिलता था कि **वे रोटी भी खा सकें**। यदि हम इतने व्यस्त रहे हों कि हमें खाना खाने का समय भी न मिले, तो हमें चाहने वाले लोग यही सोचने लगेंगे कि हमारा दिमाग ठीक नहीं है।

''उसके कुटुम्बी'' वही थे जिन्होंने आरोप लगाया था कि **उसका चित ठिकाने नहीं है** (''होश में नहीं'' है; NIV; NKJV)। यूनानी वाक्यांश (ἐξίστημι, *existēmi* का इस्तेमाल करते हुए) का मूल अर्थ है ''उसकी अकल ठिकाने नहीं है'' या ''उसका दिमाग खराब हो गया है।'' साफ़ तौर पर कुछ लोग तो कह रहे थे, ''वह आपे से बाहर हो गया है'' (KJV)। बाद में फेस्तुस ने पौलुस पर ''पागल'' होने का आरोप लगाया था (प्रेरितों 26:24), जो कि शायद यह संकेत देता है कि यीशु के दूसरे चेले भी वैसे ही थे। मार्टिन लूथर (1483–1546) ने जब पवित्र शास्त्र की सच्चाई को कैथोलिक चर्च की परम्पराओं से बढ़कर महत्वपूर्ण मानते हुए, इसका बचाव किया था तो बहुत से लोगों को यही लगा था कि वह पागल है। यीशु के पीछे चलते रहने वाले समझदार विचार करने वालों को उसके परमेश्वर होने और उसकी महानता की समझ आ गई।

यीशु के भाइयों को आरम्भ में उस पर विश्वास नहीं था, परन्तु इससे कुछ साबित नहीं होता। उनका अविश्वास (देखें यूहन्ना 7:5) यह संकेत नहीं देता कि उन्हें लगता था कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। 3:31–35 में वे केवल उसे कुछ देर के लिए आराम करने के लिए और उसे और उसके चेलों को उन पर होने वाले हमलों से बचाने के लिए घर ले जाकर उसकी रक्षा करने की कोशिश कर रहे होंगे। भीड़ के बढ़ने के अलावा, सब को यह पता चलता जा रहा था कि प्रधान याजक और महासभा यीशु को रास्ते से हटाना चाह रहे हैं।

यीशु के भाइयों के साथ-साथ यदि उसके गांव के लोगों को भी यह लगता था कि उसका चित ठिकाने नहीं है, तो निश्चय ही उसकी मां को ऐसा नहीं लगता होगा। क्योंकि उसके जन्म से पहले, मरियम को उसकी सामर्थ और स्वभाव की कुछ कुछ समझ थी; नहीं तो उसने काना में दाखरस के घट जाने की समस्या का समाधान करने के लिए उनसे उसे कहने के लिए न कहा होता (यूहन्ना 2)। उस अवसर पर, उसने अपनी मां की बात मान ली, चाहे आम लोगों के देखने के लिए आश्चर्यकर्म करने का उसका ''समय'' अभी नहीं आया था (यूहन्ना 2:4)। समझदार मां होने नाते, मरियम ने यह सब बातें ''अपने मन में'' रखीं (लूका 2:19, 51) और अपने दूसरे बच्चों को यह नहीं बताया था कि उनका सबसे बड़ा भाई परमेश्वर की ओर से भेजा गया था।

जब यीशु ने कहा कि ''मनुष्य के बैरी उसके घर ही के लोग होंगे'' (मत्ती 10:36), तो वह अपने ही अनुभव से बोल रहा था। मरकुस ने बाद में दिखाया (3:31–35) कि यीशु के चेलों का उसके साथ आत्मिक सम्बन्ध उसके अपने परिवार के साथ शारीरिक सम्बन्ध से भी बढ़कर था।

''बालज़बूल से ग्रस्त'' (3:22-27)[14]

[22]शास्त्री भी जो यरूशलेम से आए थे, यह कहते थे, ''उसमें शैतान है,'' और ''वह दुष्टात्माओं के सरदार की सहायता से दुष्टात्माओं को निकालता है।'' [23]इसलिये वह उन्हें पास बुलाकर उनसे दृष्टान्तों में कहने लगा, ''शैतान कैसे शैतान को निकाल सकता है? [24]यदि किसी राज्य में फूट पड़े, तो वह राज्य कैसे स्थिर रह सकता है? [25]और यदि किसी घर में फूट पड़े, तो वह घर कैसे स्थिर रह सकेगा? [26]इसलिये यदि शैतान अपना ही विरोधी होकर अपने में फूट डाले, तो वह कैसे बना रह सकता है? उसका तो अन्त ही हो जाता। [27]परन्तु कोई मनुष्य किसी बलवन्त के घर में घुसकर उसका माल नहीं लूट सकता, जब तक कि वह पहले उस बलवन्त को बाँध न ले; और तब उसके घर को लूट लेगा।''

आयत 22. प्रभु के परिवार के लोगों और बहुत से दूसरे लोगों ने बस गलत समझ लिया; परन्तु धर्मशास्त्रियों ने जानबूझकर उस पर झूठा आरोप लगाते हुए कहा, ''**उसमें शैतान** [बालज़बूल] **है,'' और ''वह दुष्टात्माओं के सरदार की सहायता से दुष्टात्माओं को निकालता है।''** ''बालज़बूल'' किसी काफिर देवते का नाम (2 राजा. 1:2), का अर्थ ''मक्खियों का स्वामी'' हो सकता है। उनका आरोप वास्तव में उसकी शक्ति के लिए सराहना की, क्योंकि उन्होंने इस बात से कभी इनकार नहीं किया कि उसका काम अलौकिक था। वह इनकार नहीं कर सकते थे!

कोई भी जो अगुआ बनना चाहता हो, उसे मूर्खता और बुराई करने वाले बे-बुनियाद दावों वाले तरह तरह के आलोचनाओं का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। कुछ आपत्तियों का यीशु ने जवाब नहीं दिया। उदाहरण के लिए उसने कभी इन झूठे दावों का खण्डन नहीं किया कि वह पियक्कड़ और पेटू है, बल्कि उसने केवल मूर्खता से भरे आलोचकों को नज़रअंदाज़ करते हुए गम्भीर लोगों को उसके कामों का खुद फैसला करने दिया। परन्तु इस आयत के आरोप उसके काम और स्वर्गीय पिता के साथ उसके सम्बन्ध पर संदेह करने वाले थे। इसका उत्तर दिया जाना आवश्यक था, नहीं तो बहुत से लोग उलझन में पड़ सकते हैं (मत्ती 12:22-24; लूका 11:15)।

सम्भवतया शास्त्रियों को लगा कि यीशु इस आरोप का खण्डन नहीं कर पाएगा। वह यह कैसे साबत कर सकता था कि उसका शैतान के साथ कोई मेल नहीं है? यदि आश्चर्यकर्मों से संदेह न होता तो कुछ न बताने से यह विश्वास बढ़ जाना था। ऐसा उत्तर तर्कसंगत रूप में लाजवाब होना आवश्यक था। केवल असावधान भीड़ ने ही इस बेतुके आरोप को मानना था, परन्तु दूसरे इससे उलझन में पड़ सकते थे। परन्तु यरूशलेम के बहुत से लोग बिना सोचे समझे अपने उपदेशक अगुओं के पीछे चलते थे, जैसा कि उन्होंने यीशु के जीवन के अंतिम सप्ताह के दौरान दिखाया था।

आयतें 23-26. इसलिये वह उन्हें पास बुलाकर उनसे दृष्टान्तों में कहने लगा।[15] यीशु का उत्तर तर्कसंगत और त्रुटि रहित है। पहले उसने कहा, ''**शैतान कैसे शैतान को निकाल सकता है?**'' (3:23)। लूका 11:14-23 में यीशु का जवाब और विस्तार से बताया गया है:

> फिर उसने एक गूंगी दुष्टात्मा को निकाला। जब दुष्टात्मा निकल गई तो गूंगा बोलने लगा;

और लोगों ने अचम्भा किया। परन्तु उन में से कुछ ने कहा, ''यह तो बालज़बूल नामक दुष्टात्माओं के प्रधान की सहायता से दुष्टात्माओं को निकालता है।'' औरों ने उसकी परीक्षा करने के लिये उससे आकाश का एक चिन्ह मांगा। परन्तु उसने उनके मन की बातें जानकर, उनसे कहा, ''जिस-जिस राज्य में फूट होती है, वह राज्य उजड़ जाता है; और जिस घर में फूट होती है, वह नष्ट हो जाता है। और यदि शैतान अपना ही विरोधी हो जाए, तो उसका राज्य कैसे बना रहेगा? क्योंकि तुम मेरे विषय में तो कहते हो कि यह शैतान की सहायता से दुष्टात्माओं को निकालता है। भला यदि मैं शैतान की सहायता से दुष्टात्माओं को निकालता हूं, तो तुम्हारी सन्तान किस की सहायता से निकालते हैं? इसलिये वे ही तुम्हारा न्याय चुकाएंगे। परन्तु यदि मैं परमेश्वर की सामर्थ्य से दुष्टात्माओं को निकालता हूं, तो परमेश्वर का राज्य तुम्हारे पास आ पहुंचा है। जब बलवन्त मनुष्य हथियार बान्धे हुए अपने घर की रखवाली करता है, तो उसकी संपत्ति बची रहती है। पर जब उससे बढ़कर कोई और बलवन्त चढ़ाई करके उसे जीत लेता है, तो उसके वे हथियार जिन पर उसका भरोसा था, छीन लेता है और उसकी संपत्ति लूटकर बांट देता है। जो मेरे साथ नहीं वह मेरे विरोध हैं, और मेरे साथ बटोरता वह बिखेरता है।

यह स्पष्ट है कि शैतान ने परमेश्वर से बदला लेने के लिए लोगों पर नियन्त्रण पाना चाहा। तो क्या उसने किसी को वह शक्ति पाने के लिए जिससे वह परमेश्वर के लोगों पर हमला करके उन्हें लगभग नष्ट कर सकता हो, ऐसी शक्ति लेने देनी थी? लगता नहीं है! शैतान कमीना और दुष्ट है, परन्तु वह मूर्ख नहीं है। वह छल कपट, मक्कारी और धोखेबाज़ी से भरा था। हमें चेतावनी दी गई है, ''निदान, प्रभु में और उस की शक्ति के प्रभाव में बलवन्त बनो। परमेश्वर के सारे हथियार बान्ध लो; कि तुम शैतान की युक्तियों के साम्हने खड़े रह सको'' (इफि. 6:10, 11)। शैतान के पास मनुष्य अर्थात परमेश्वर के स्वरूप में बनाए व्यक्ति पर जो कि परमेश्वर का है, पर नियन्त्रण पाने से बढ़कर और कोई पूर्ण विजय नहीं हो सकती।

यीशु का प्रश्न ''तुम्हारे वंश किसकी सहायता से [भूत] निकालते हैं?'' मरकुस 3 में नहीं है परन्तु मत्ती 12:27 और लूका 11:19 में इसे शामिल किया गया है। यहूदी तांत्रिक इस शक्ति के होने का दावा करते थे। यदि वे सचमुच में भूतों को निकालते थे, तो यह यीशु और उसके प्रेरितों द्वारा किए जाने वाले कामों से बहुत ही घटिया तरीके से था (जिसकी बात लूका 10:17 में की गई है)। बाद में प्रेरित भी दुष्टात्मा से ग्रस्त एक लड़के को ठीक नहीं कर पाए थे क्योंकि उनके विश्वास में कमज़ोरी थी (मरकुस 9:14-29)। यीशु के स्वर्गारोहण के बाद पवित्र आत्मा का बपतिस्मा पाने से मिली सामर्थ से प्रेरितों को उस संदेश की पुष्टि के लिए जिसे वह सुना रहे थे, जीवन भर प्रेरणा और आश्चर्यकर्म करने की सामर्थ की गारंटी मिलनी थी।

9:38 में, यूहन्ना ने यीशु से किसी आदमी की बात की जो उसके चेलों में से नहीं था, परन्तु दुष्टात्माओं को निकाल रहा था। पिछले किसी समय में यीशु ने अवश्य उसे वह सामर्थ दी होगी। इसके विपरीप प्रेरितों 19:14-16 स्किवा के पुत्रों की नाकामी को बताता है, जिन्हें लगता था कि वे झाड़ा फूंकी से दुष्टात्मा को निकाल सकते हैं, परन्तु नहीं निकाल पाए। स्पष्टतया वह दुष्टात्मा को निकालने के लिए यीशु के नाम का इस्तेमाल जादुई शब्द के रूप में करने की कोशिश कर

रहे थे। मसीह के प्रयास बिल्कुल अलग थे। उनमें कोई नाकामी नहीं थी और उसके सरल ढंग में किसी प्रकार की कोई जादूगरी वाला मंत्रोच्चार या दिखावा नहीं था। बल्कि उसके शब्दों में दुष्टात्माओं को आज्ञा होती थी, और उनमें उन्हें न मानने की कोई सामर्थ नहीं थी।[16]

यहूदी तांत्रिक दुष्टात्मा को निकालने की शक्ति होने का दावा करते थे, इसलिए फरीसियों का आरोप उन्हीं के विरोध में जा सकता था; परन्तु साफ है कि यहूदी अगुवे यह नहीं मानते थे कि उनके लड़के ऐसा करते हैं! यीशु ने उसके काम के लिए उनकी आपत्ति का इस्तेमाल उन्हीं के विरोध में किया: ''**यदि किसी राज्य में फूट पड़े, तो वह राज्य कैसे स्थिर रह सकता है? ... इसलिये यदि शैतान अपना ही विरोधी होकर अपने में फूट डाले, तो वह कैसे बना रह सकता है?**'' शैतान यदि शैतान से लड़ रहा होता, तो उसका राज्य कैसे बना रह सकता था? (देखें मत्ती 12:25; लूका 11:17, 18)।

यीशु जीवन को एक संघर्ष मानता था। हमें ''क्या शैतान अभी भी काम करता है?'' और ''क्या किसी में भूत हो सकते हैं?'' जैसे सवालों पर बहस करने के बजाय हमें बुराई से लड़ने की अधिक चिंता करनी चाहिए। यदि किसी के घर को आग लगी हुई हो, तो उसे बैठकर निजी आवास में आग लगने के कारणों को बताती पुस्तक पढ़नी चाहिए? नहीं। उसे जल्दी से आग को बुझाने या अपनी जान बचाने के लिए भागने की कोशिश करनी चाहिए![17]

आयत 27. यीशु ने आगे तर्क दिया: ''**परन्तु कोई मनुष्य किसी बलवन्त के घर में घुसकर उसका माल नहीं लूट सकता, जब तक कि वह पहले उस बलवन्त को बाँध न ले; और तब उसके घर को लूट लेगा।**'' मत्ती 12:28 बताता है कि यीशु ने यह दिखाने के लिए कि परमेश्वर का राज्य आ चुका था (अपने राजा की उपस्थिति में) दुष्टात्माओं की चर्चा का इस्तेमाल किया। उसने एक उपमा बनाई, जिसमें शैतान को ''बलवंत'' और ''उसके घर'' को दुष्टात्मा से ग्रस्त व्यक्ति का शरीर (जिसमें दुष्टात्माओं के माध्यम से शैतान रहता था) के रूप में इस्तेमाल किया। यीशु ने घोषणा की कि वह शैतान के विरुद्ध सफल युद्ध करने वाला है क्योंकि उसने उसे ''बांध'' दिया था, या पृथ्वी पर की अपनी सेवकाई, मृत्यु, पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के द्वारा उसकी शक्ति को बहुत सीमित कर दिया था (देखें प्रका. 20:1-5)। परमेश्वर उस समय युद्ध जीत रहा था, वैसे ही जैसे आज जीत रहा है। मसीही लोगों की इस विश्वास से बढ़कर कि शैतान के विरुद्ध युद्ध में मसीह हमारे लिए जीत रहा है, और कोई विश्वास नहीं है। जैसे वह जीतता है, वैसे ही हम जीतते हैं; जैसे हम परिपक्व होकर विश्वासी बने रहते हैं, तो हम यह पक्का कह सकते हैं कि हर बुराई के ऊपर अंतिम विजय हमारी पकड़ में है।

मनुष्य का हृदय मसीह और शैतान के बीच युद्ध का मैदान है; हर व्यक्ति का भविष्य इसी पर निर्भर करता है कि वह अपने हृदय का नियन्त्रण किसे देता है। किसी भी प्रकार की ''थोड़ी देर की हार'' (प्रका. 20:3; KJV) को पहली सदी के समय से मिलाया जा सकता है या नहीं जब शैतान पृथ्वी पर लोगों को अपने वश में करता है, परन्तु उसके पास वही सामर्थ है। आज परमेश्वर के विरोध में लड़ रही दुष्ट शक्तियों से यह साफ़ पता चलता है। आसान उदाहरणों तथा विश्वास के कथन (यह संकेत देते हुए कि उसने शैतान को बांध दिया है) से यीशु ने अपने आपको बुद्धि, सामर्थ और समझ में इन शास्त्रियों और फरीसियों से कहीं ऊपर दिखाया। उसकी सामर्थ और ज्ञान ने इस प्रकार से काम किया जो कि साफ़ तौर से परमेश्वर की ओर से था। लोगों

को दुष्टात्मा से छुड़ाने के अपने आश्चर्यकर्मों से, यीशु ने दिखाया कि उसकी सामर्थ ईश्वरीय थी: ''परन्तु यदि मैं परमेश्वर की सामर्थ्य से दुष्टात्माओं को निकालता हूं, तो परमेश्वर का राज्य तुम्हारे पास आ पहुंचा है'' (लूका 11:20)।

पवित्र आत्मा के विरुद्ध निंदा करना (3:28-30)[18]

[28]''मैं तुम से सच कहता हूँ कि मनुष्यों की सन्तान के सब पाप और निन्दा जो वे करते हैं, क्षमा की जाएगी, [29]परन्तु जो कोई पवित्र आत्मा के विरुद्ध निन्दा करे, वह कभी भी क्षमा न किया जाएगा: वरन् वह अनन्त पाप का अपराधी ठहरता है।'' [30]क्योंकि वे यह कहते थे कि उस में अशुद्ध आत्मा है।

आयत 28. सच शब्द ''आमीन'' (ἀμήν, *amēn*) से लिया गया है,[19] जिसका अर्थ है, ''बिल्कुल ऐसा ही है।'' मरकुस में इसका इस्तेमाल तेरह बार हुआ है। यीशु के मुंह पर यह सुसमाचार के विवरणों में आरम्भ में ही मिलता है न कि वाक्य के अंत में। परन्तु नये नियम के लेखकों ने इसे वाक्यों के अंत में इस्तेमाल करते हुए लिखा। पौलुस ने लिखा, ''नहीं तो यदि तू आत्मा ही से धन्यवाद करेगा, तो फिर अज्ञानी तेरे धन्यवाद पर आमीन कैसे कहेगा? क्योंकि वह तो नहीं जानता, कि तू क्या कहता है?'' (1 कुरि. 14:16)।

जब हम ''आमीन'' जोड़ते हैं तो हमारा अभिप्राय होना चाहिए, ''सत्य वचन।'' यीशु ने इसका इस्तेमाल ''सच'' के अर्थ में किया, परन्तु नये नियम में और किसी ने इसका इस्तेमाल इस प्रकार से नहीं किया। उसने इसे एक गम्भीर बात कहने के लिए कहा जो आम विचार से चौंकाने वाली थी या अलग थी। जो कुछ उसने कहा उससे लोगों के आश्चर्यचकित होने की उम्मीद की।[20] पुराने नियम में ''आमीन'' कई बार मिलता है, बल्कि ''दोहरे आमीन'' के फार्मूले में जिसका इस्तेमाल यीशु ने किया।[21]

हर प्रकार का **पाप** (ἁμάρτημα, *hamartēma*) और **निंदा** (βλασφημία, *blasphēmia*) क्षमा हो सकते हैं, सिवाय 3:29 में मिलने वाले पाप और निंदा के। इसका अर्थ यह नहीं है कि हर किसी को क्षमा दे दी जाए, क्योंकि पापी के लिए पश्चात्तापी, उसके लिए जो मसीह ने किया है आज्ञाकारी विश्वास के जवाब में, मसीह के लहू से शुद्ध किया जाना आवश्यक है (देखें मत्ती 26:28)। किसी भी मसीही का कोई भी पाप क्षमा हो सकता है यदि वह प्रेरितों 8:22 और 1 यूहन्ना 1:8-10 जैसे वचनों में बताई गई शर्तों को पूरा करता हो। ये शर्तें मन फिराव और अंगीकार की हैं जिसका क्षमा किए जाने की परमेश्वर की कार्यवाही से पहले होना आवश्यक है।

आयतें 29, 30. ''परन्तु जो कोई पवित्र आत्मा के विरुद्ध निन्दा करे, वह कभी भी क्षमा न किया जाएगा: वरन् वह अनन्त पाप का अपराधी ठहरता है।'' 3:28-30 में परिस्थिति यह थी कि शास्त्रियों ने यीशु की सामर्थ को शैतान का काम बताकर उसकी निंदा की - **क्योंकि वे यह कहते थे कि उस में अशुद्ध आत्मा है।** वहां पर उपस्थित दूसरे लोग मसीह को जादू टोना करने वाला मान रहे थे; उन्हें यह समझ में नहीं आया या उन्होंने माना नहीं कि वह यह काम ''परमेश्वर के आत्मा की सहायता से'' करता था (मत्ती 12:28)।

''निंदा'' *blasphēmia* (ब्लासफेमिया) का एक और अर्थ *''अपवित्र और निंदात्मक बात जो कि ईश्वरीय गौरव की बदनामी''* है।[22] यूनानी भाषा में यह परमेश्वर या मनुष्य किसी की भी बदनामी करना हो सकता है। यह किसी को बुरा भला कहना भी हो सकता है। साधारण भाषा में कहें तो निंदा ''कोई भी 'बात या काम जो परमेश्वर की शक्ति और महिमा से कम हो''' करना हो सकता है।[23]

मरकुस 2:6, 7 बताता है कि निंदा में इनमें से कोई भी बात हो सकती है: किसी घिनौनी बात को परमेश्वर से जोड़ना, किसी माननीय बात को परमेश्वर से अलग करना, और किसी दूसरी शक्ति या अधिकार के जो विशेष तौर पर परमेश्वर का हो, किसी दूसरे का होने का दावा करना। परमेश्वर द्वारा पानी लेने के लिए चट्टान से केवल ''बात'' करने के लिए कहे जाने पर, मूसा के उस चट्टान को मारने की घटना में, दण्ड की यह गम्भीर बात हुई:

> परन्तु मूसा और हारून से यहोवा ने कहा, ''तुम ने जो मुझ पर विश्वास नहीं किया, और मुझे इस्राएलियों की दृष्टि में पवित्र नहीं ठहराया, इसलिये तुम इस मण्डली को उस देश में पहुँचाने न पाओगे जिसे मैं ने उन्हें दिया है'' (गिनती 20:12)।

हमारी नज़र में हो सकता है कि लगे कि मूसा को कुछ अधिक ही कठोर दण्ड दे दिया गया; परन्तु जब कोई इस प्रकार से काम करता है जैसे उसे परमेश्वर से अधिक जानकारी हो और सीधे तौर पर जो कुछ उसे कहा है उसका उल्लंघन करे या उसमें जोड़ दे, तो वह निंदा के अपराध का दोषी होता है। पतरस ने यीशु को जानने के अपने इनकार में यही पाप किया; परन्तु उसे क्षमा कर दिया गया, जिस कारण वह अपने पाप के लिए अनन्तकाल के लिए दोषी नहीं ठहरा (मत्ती 26:69-75)।

निंदा का एक प्रश्न यह है कि ''शास्त्रियों ने कैसे निंदा की थी?'' उन्होंने उसे जो मसीह के द्वारा साफ तौर पर परमेश्वर का काम था, शैतान का बताकर निंदा की। क्या उसके विरुद्ध ऐसा आरोप लगाने के लिए उन्होंने केवल यूं ही कह दिया था या उनकी ज़बान फिसल गई थी? निश्चय ही परमेश्वर ने किसी पापी को इससे मन फिरा लेने पर इस गलती के लिए क्षमा कर देना था। इन लोगों के मन पूर्वाग्रह से कठोर थे, जिस कारण यहां पर उन्होंने परमेश्वर के अच्छे काम को शैतान का काम बता दिया।

निष्कर्ष यह है कि स्पष्ट सच्चाई के विरोध में बोलने का पाप ही परमेश्वर की निंदा माना जाना था, जो मन की पूर्ण कठोरता से बोला गया हो। यहां पर यही हुआ। बेशक इन लोगों को भी, यदि उन्होंने बाद में यीशु के विरुद्ध इस पाप से मन फिरा लिया हो, तो उन्हें मसीह की ओर से क्षमा मिल जानी थी। परन्तु यदि वे इस हद तक बढ़ गए कि वे मन न फिरा सकते हों, तो उन्हें उद्धार नहीं मिल सकता था; क्योंकि पश्चात्ताप न करने वाले को क्रूस पर मसीह की आने वाली मृत्यु से भी क्षमा नहीं मिलनी थी (इब्रा. 10:26)।

यीशु कड़ी चेतावनी दे रहा था। एक अर्थ में वह यह कह रहा था, ''यदि तुम कठोर बने रहते हो, तो एक ऐसा समय आएगा जब तुम आत्मा की निंदा वैसे ही करोगे जैसे तुम ने मेरी की है, और तब तुम्हारे लिए कोई उम्मीद नहीं रहेगी।''

एक और प्रश्न है ''मसीह की निंदा करने से बढ़कर आत्मा की निंदा करना और भी बुरा

क्यों होना था?'' क्या 3:29 में परमेश्वर का पवित्र आत्मा से छोटा रूप है? पवित्र शास्त्र की शिक्षा से जो कुछ हमें पता है वह पूरी तरह से ऐसे विचार को नकारने के लिए विवश करता है। इसकी एक आंशिक व्याख्या यह है कि आत्मा अभी पूरी तरह से दिखाया नहीं गया था (यूहन्ना 7:39), न ही मनुष्यों में पवित्र आत्मा का काम प्रेरितों के द्वारा पूरा हुआ था। जल्द ही पवित्र आत्मा ने प्रेरितों के द्वारा काम करते हुए दिखाई देने वाले ढंग से काम करता था। तब सब ने यह देख और विश्वास कर पाना था कि प्रेरित परमेश्वर की ओर से भेजे हुए थे। मसीह में वह पहले से ही काम कर रहा था (देखें लूका 4:14, 18; 10:21; यूहन्ना 3:34)। यह बिल्कुल स्पष्ट था क्योंकि यूहन्ना 3:34 से पता चलता है कि उसे पवित्र आत्मा ''नाप नापकर नहीं'' दिया गया था, जिसका अर्थ यह है कि पवित्र आत्मा की सामर्थ पूरी तरह से उसमें और उसके द्वारा काम कर रही थी।

जब आत्मा प्रेरितों पर उतरा, जैसे कि ''बपतिस्मा'' में होता है, तो यह परमेश्वर के क्षमा के माध्यम की अंतिम पेशकश के साथ अंतिम युग के आरम्भ का संकेत था। इस कारण से यदि केवल कोई आत्मा की इस पेशकश के विरुद्ध अपने मन को कठोर करता है तो वह आत्मा की निंदा कर रहा होता है जिसके लिए उसे छुटकारे के किसी और माध्यम की पेशकश कभी नहीं की जाएगी। मसीह दोबारा से किसी के भी पापों के लिए नहीं मरेगा। इसी कारण जो कोई ''पवित्र आत्मा के विरुद्ध निंदा'' करता है उसे कभी क्षमा नहीं किया जा सकता।

तीसरा प्रश्न है '''जो कोई पवित्र आत्मा के विरुद्ध निंदा करे वह कभी क्षमा न किया जाएगा' का क्या अर्थ है?'' परमेश्वर ने लोगों के मनों को तैयार करने और बहुतों को मन फिराने के लिए आगे लाने के लिए यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को भेजा। यहूदियों की बड़ी भीड़ में वह सफल हो गया, क्योंकि वे उसे भविष्यद्वक्ता मानते थे (मत्ती 21:23-26)। सम्भवतया चौथाई के हाकिम हेरोदेस को मालूम था कि यहूदी लोग उसे यूहन्ना को गिरफ्तार करके उसे मार डालने की स्वीकृति दे देंगे (देखें मरकुस 6:14-29)।

परमेश्वर ने तब अपने पुत्र को अपनी सेवकाई आरम्भ करने और लोगों के मनों को तैयार करने के लिए भेजा, और जो कुछ यूहन्ना के साथ हुआ था वही उसके साथ भी हुआ। उन्हीं यहूदी अगुओं ने न केवल यीशु की हत्या होने दी बल्कि उन्होंने इसे उकसाया भी।

फिर पिन्तेकुस्त वाले दिन परमेश्वर ने सुसमाचार के द्वारा, लोगों को बदलने का काम आरम्भ करने के लिए पवित्र आत्मा को भेजा (प्रेरितों 2:4-38)। बहुतों ने उस दिन उस संदेश को स्वीकार करके मान लिया, चाहे उन्होंने पहले मसीह को मार डाला था (प्रेरितों 2:36)।

परन्तु धार्मिक अगुओं ने प्रेरितों को जेल में डालकर, ख्रिस्तुस को मारकर और दूसरों को मारने की कोशिश करके (जो कि उन्होंने कुछ देर तक शाऊल/पौलुस के द्वारा किया) जवाब दिया। अंत में उन्होंने क्षमा की तीन अलग-अलग पेशकशों को ठुकराकर पिता, पुत्र और आत्मा के विरोध में पाप किया। यीशु की उन्हें क्षमा कर देने की प्रार्थना से उन्हें क्षमा कैसे मिल सकती थी कि यदि वे इतने कठोर थे कि वे मन नहीं फिरा सकते थे? यदि वे क्रूस के द्वारा की गई पेशकश को पूरी तरह से ठुकराते रहते, तो उन्होंने ''कभी क्षमा न किया जाने वाला पाप'' के दोषी होना था (3:29)। केवल परमेश्वर ही जानता है कि अदृश्य रेखा कब पार हुई; हम जो कि केवल मनुष्य हैं नहीं, बता सकते। हमें लोगों को सिखाते रहना आवश्यक है जब तक वह हमें

पूरी तरह से हमें नकार नहीं देते।

विचार किए जाने के लिए एक चौथा प्रश्न है ''इस निंदा के और क्या-क्या विचार हैं?'' कइयों का मानना है कि केवल मसीह या आत्मा के विरोध में एक बार बोलना 3:29 में बताया गया ''कभी क्षमा न होने वाला पाप'' है। यह अविश्वसनीय लगता है कि केवल एक बार बोल देना किसी को सदा के लिए दोषी ठहराने वाला हो सकता है। यह 3:28 में कही यीशु की बात के विरोध में होना था। प्रेरितों के काम में मन परिवर्तनों का अध्ययन करने पर पता चलेगा कि मसीह की हत्या करने के बावजूद लोगों को कैसे क्षमा किया गया। निश्चय ही, कोई भी ऐसा पाप नहीं है जिसे क्षमा न किया जा सकता हो; यीशु के ''कभी क्षमा न किया जाने वाला पाप'' कहने के पीछे कोई और बात होगी।

औरों का मानना है कि यहां जिस पाप की बात की गई है वह सुसमाचार को ठुकराने का पाप है। एक बार इसे ठुकराना पाप नहीं हो सकता; क्योंकि बहुतों ने ऐसा किया है और बाद में अपने प्राणों के उद्धार के लिए इसकी आज्ञा मान ली। सुसमाचार की उद्धार देने वाली शक्ति में कोई कमी नहीं है; कमी उन लोगों में है जो दिमाग के अंधा होने और मन के कठोर होने के कारण इसके प्रमाण को स्वीकार नहीं कर पाते हैं (देखें यूहन्ना 12:40; 2 कुरि. 4:3, 4)।

क्या क्षमा न किया जा सकने वाला पाप मृत्यु के समय तक आज्ञा मानने को टालते रहना है? बाइबल में कई जगह यह स्पष्ट है कि मृत्यु के समय ऐसा पाप क्षमा न किया जाने वाला पाप बन जाता है। मृत्यु के समय तक पाप में बने रहने का अर्थ यह है कि उसकी मृत्यु वैसे ही हुई जैसा उसका जीवन था और फिर साफ है कि उसे मन फिराने और उद्धार पाने का कोई अवसर नहीं मिला (देखें इब्रा. 9:27)।[24] परन्तु मृत्यु से पहले-पहले, टालते रहने वाला व्यक्ति मन फिराकर उद्धार पा सकता है।

कुछ लोग अपने पापों से मन नहीं फिरा सकते और न ही मन फिराएंगे। वे इस हद तक पहुंच चुके हैं जहां से वे लौट नहीं सकते।

''मेरी माता और मेरे भाई कौन हैं?'' (3:31-35)[25]

[31]तब उसकी माता और उसके भाई आए, और बाहर खड़े होकर उसे बुलवा भेजा। [32]भीड़ उसके आस-पास बैठी थी, और उन्होंने उससे कहा, ''देख, तेरी माता और तेरे भाई बाहर तुझे ढूँढ़ते हैं।'' [33]उसने उन्हें उत्तर दिया, ''मेरी माता और मेरे भाई कौन हैं?'' [34]और उन पर जो उसके आस-पास बैठे थे, दृष्टि करके कहा, ''देखो, मेरी माता और मेरे भाई ये हैं। [35]क्योंकि जो कोई परमेश्वर की इच्छा पर चले, वही मेरा भाई, और बहिन, और माता है।''

आयतें 31, 32. आयत 21 यीशु के मित्रों या रिश्तेदारों की बात करती हो सकती है जो घर से उसे उस खतरनाक रास्ते से जिस पर वह चल रहा था मोड़ने के लिए उसके मन को बदलने के लिए निकले थे, जबकि आयत 21 उनके पहुंच जाने के बारे में बताती है। यदि आयत 21 वाले वे लोग अलग थे (जैसे नासरत के रहने वाले) तो यहां पर चर्चा में यीशु के अपने परिवार के लोग यानी **उसकी माता और उसके भाई** बताए गए हैं। **बाहर खड़े होकर उसे बुलवा भेजा।**

लूका 8:19 बताता है कि वे भीड़ के कारण उस तक नहीं पहुंच पाए थे। हर जगह भीड़ ही भीड़ होगी; जो कि गलील और आस पास के इलाकों में अब तक यीशु के प्रसिद्ध हो जाने का संकेत देता है। भीड़ में से लोगों ने उसे बताया, ''**देख, तेरी माता और तेरे भाई बाहर तुझे ढूँढ़ते हैं।**''

यह बात कि उसके पास आने वाले ये लोग वास्तव में उसके भाई थे, 6:3 से स्पष्ट हो जाती लगती है। अप्रामाणिक ''पतरस का सुसमाचार'' (दूसरी सदी के मध्य का एक आविष्कार) में संकेत है कि ये यूसुफ़ की पिछली शादी में से उसके बच्चे थे। 380 ई. के लगभग ऐपीफेनियुस ने तर्क दिया कि ये यूसुफ़ के बच्चे थे परन्तु मरियम के नहीं।[26] जेरोम (347-420 ई.) ने सुझाव दिया कि वे प्रभु के भाई लगते थे।[27] उस समय इस नये विचार को अपनाने की प्रेरणा मरियम की वास्तविक पवित्रता के चिह्न के रूप में उसके आदि कुंवारी होने की बढ़ती अवधारण थी। इस तथ्य को मानने से कि बाद में मरियम के और बच्चे हुए, किसी भी प्रकार से कुंवारी से जन्म की बात में रुकावट नहीं आती। मरियम के कुंवारी रहने की शिक्षा मरियम मीमांसा के आरम्भिक दिनों में मरियम को महिमा देने की शिक्षा का फैलाव हुआ।[28] मत्ती 1:24, 25 में इस दृश्य का वर्णन किया गया है: ''तब यूसुफ़ नींद से जागकर प्रभु के दूत की आज्ञा के अनुसार अपनी पत्नी को अपने यहां ले आया; और *जब तक वह पुत्र न जनी तब तक वह उसके पास न गया*: और उसने उसका नाम यीशु रखा।'' ''पहलौठा पुत्र'' (KJV) शब्द का अर्थ है कि उसके और बच्चे थे। वचन में ऐसा कोई संकेत नहीं है कि वह आदि कुंवारी थी।

आयतें 33-35. मरियम को इसका श्रेय मिलता रहेगा, स्पष्ट एक ही बार है जब उसने अपने पुत्र को अपनी सेवकाई करने से रोकने की कोशिश की, जिसका दोनों का पता होगा कि इसका अंत उसकी मृत्यु होना था। लूका 2:25-35 में शमौन का प्रकाशन उसके मन पर कई साल तक बोझ बना रहा होगा। आयतें 34 और 35 में उसने उसे बताया था: ''देख, वह तो इस्राएल में बहुतों के गिरने, और उठने के लिये, और एक ऐसा चिह्न होने के लिये ठहराया गया है, जिसके विरोध में बातें की जाएंगी वरन् तेरा प्राण भी तलवार से वार पार छिद जाएगा - इससे बहुत हृदयों के विचार प्रगट होंगे।'' मरियम इस भविष्यद्वाणी को भुला नहीं पाई होगी। एक मां के मन में यह कितना भयंकर विचार रहा होगा!

यीशु अपनी मां से प्रेम करता था, परन्तु उसने उसकी भावनाओं को अपने काम पर हावी नहीं होने दिया (देखें यूहन्ना 2:1-11; 19:26, 27)। उसने इस नाज़ुक स्थिति का इस्तेमाल एक सबक देने के लिए किया कि उस बड़े काम को जिसके लिए परमेश्वर ने उसे चुना था, करने और लोगों के उद्धार करने से उसे कोई चीज़ रोक नहीं सकती थी। **उसने उन्हें उत्तर दिया, ''मेरी माता और मेरे भाई कौन हैं?'' और उन पर जो उसके आस-पास बैठे थे, दृष्टि करके कहा, ''देखो, मेरी माता और मेरे भाई ये हैं।**'' साफ़ है कि अपने भाइयों और बहनों के साथ अपने सम्बन्ध से बढ़कर वह अपने चेलों के साथ अपने आत्मिक सम्बन्ध को अधिक महत्वपूर्ण मानता था (कम से कम यहां पर; 3:33-35; देखें मत्ती 12:46-50)।

लूका 11:27, 28 में एक दिलचस्प बातचीत मिलती है। एक महिला की प्रशंसा के जवाब में यीशु ने हैरान कर देने वाली टिप्पणी की:

> जब वह ये बातें कह ही रहा था तो भीड़ में से किसी स्त्री ने ऊंचे शब्द से कहा, ''धन्य

है वह गर्भ जिस में तू रहा और वे स्तन जो तू ने चूसे।'' उसने कहा, ''हां; परन्तु धन्य वे हैं जो परमेश्वर का वचन सुनते और मानते हैं।''

यह मान लेना कि मसीह के चेलों के रूप में हम उसकी अपनी माता से बढ़कर धन्य हैं हमारे लिए बड़े आदर की बात है; परन्तु उसे महिमा देना हमें एक और नज़रिया भी देता है जो उसके परमेश्वर की माता के रूप में माने जाने से बहुत कम है।[29]

मरियम शुरू से जो देखती आई थी, उससे वह पहले से विश्वासी थी, जबकि यीशु को सुनने के लिए इकट्ठा होने वालों के विश्वास को मज़बूत बनाने के लिए उन्हें वचन सुनाना आवश्यक था। चाहे उसकी उपासना या ''पूजा'' करने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु मरियम वास्तव में एक महान स्त्री है। लूका 1:30 में एक स्वर्गदूत ने उससे कहा, ''परमेश्वर का अनुग्रह तुझ पर हुआ है।'' लूका 1:42 में रिश्तेदारी में उसकी बहन इलीशिबा ने उससे कहा, ''तू स्त्रियों में धन्य है और तेरे पेट का फल धन्य है!'' इसके बावजूद मरियम केवल मनुष्य थी और किसी भी अर्थ में ''परमेश्वर की माता'' नहीं थी। मरियम का अपने आपको ''दीन दासी'' के रूप में देखना सही था, जिसे एक उद्धारकर्त्ता की आवश्यकता थी (लूका 1:46-49):

तब मरियम ने कहा, ''मेरा प्राण प्रभु की बड़ाई करता है और मेरी आत्मा मेरे उद्धार करनेवाले परमेश्वर से आनन्दित हुई, क्योंकि उसने अपनी दासी की दीनता पर दृष्टि की है; इसलिये देखो, अब से सब युग-युग के लोग मुझे धन्य कहेंगे, क्योंकि उस शक्तिमान ने मेरे लिये बड़े-बड़े काम किए हैं। उसका नाम पवित्र है।''

यीशु ने कहा, ''**क्योंकि जो कोई परमेश्वर की इच्छा पर चले, वही मेरा भाई, और बहिन, और माता है।**'' वे उसके लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितनी उसकी सांसारिक माता। वे परमेश्वर के परिवार के लोग हैं और वैसे ही मसीह के राज्य के, जिसे स्थापित करने के लिए वह आया।[30] परमेश्वर और मसीह के साथ रिश्तेदारी कलीसिया अर्थात परिवार में आत्मिक सम्बन्ध पर आधारित है जो कि परमेश्वर और मसीह के राज्य के रूप में मिलता है, क्योंकि दोनों में वही लोग हैं (देखें इफि. 1:22, 23; 5:5)। यह रिश्तेदारी उसके लोगों के नये जन्म से बनी है (देखें यूहन्ना 3:3-5; 1 पतरस 1:23)।

यदि यीशु घर जाने की विनती मानकर चला गया होता, तो उन अधिकारियों ने कहना था, ''उसकी शिक्षाएं किसी काम की नहीं हैं। वह अपने परिवार की मर्ज़ी से चलता है।'' हमारे परिवारों की इच्छा से परमेश्वर की इच्छा को हमेशा पहल दी जानी आवश्यक है। वास्तव में इस घटना में सीखा जाने वाला बड़ा सबक यह है कि हमारे जीवनों का सबसे आवश्यक काम परमेश्वर की इच्छा को पूरा करना है।

प्रासंगिकता

हमारे मन और प्रमाण (3:1-6)

सुसमाचार के विवरणों से पता चलता है कि अपनी पृथ्वी की सेवकाई के दौरान यीशु ने सब्त के दिनों पर सात आश्चर्यकर्म किए। वे आश्चर्यकर्म ये हैं: (1) कफरनहूम के आराधनालय

में अशुद्ध आत्मा को निकालना (मरकुस 1:21-28; लूका 4:31-37); (2) पतरस की सास को चंगा करना (मत्ती 8:14, 15; मरकुस 1:29-31; लूका 4:38, 39); (3) बैतहसदा के कुण्ड में अड़तीस वर्ष के बीमार को चंगा करना (यूहन्ना 5:1-16); (4) सूखे हाथ वाले को चंगा करना (मत्ती 12:9-14; मरकुस 3:1-6; लूका 6:6-11); (5) शिलोम के कुण्ड में अंधे को दृष्टि देना (यूहन्ना 9:1-41); (6) कुबड़ी स्त्री को चंगा करना (लूका 13:10-17); और (7) जलंधर के रोगी को चंगा करना (लूका 14:1-6)।

आश्चर्यकर्मों की इस कड़ी में हम चौथे आश्चर्यकर्म पर आ गए हैं जिसमें सूखे हाथ वाले को चंगा करने। मरकुस 3 के आरम्भ में दिए गए विवरण में यीशु उपदेश देने के लिए किसी आराधनालय में आया था। इस घटना के समय या इस बारे में कि किस नगर में घटी को संदर्भ नहीं दिया गया है। अच्छा अनुमान यह होगा कि यह घटना कफरनहूम की है।

आराधनालय में प्रवेश करते हुए यीशु ने एक आदमी को देखा जिसका हाथ सूख गया था। साफ है कि उसके हाथ या उसकी बांह पर किसी तरह से कोई चोट लग गई थी; जिससे समय बीतने पर उसका हाथ सूख गया था और बेकार हो गया था। पहली सदी में इस प्रकार की त्रासदी व्यक्ति को भिखारी ही बना देती होगी, क्योंकि वह अपने और अपने परिवार के लिए जीविका नहीं कमा पाता होगा। यीशु ने इस आदमी को तरस भरी नज़रों से देखा। फरीसी जो यह देखने के लिए कि देखते हैं कि वह सब्त के दिन इस आदमी को चंगा करता है या नहीं, यीशु पर नज़र रखने के लिए वहीं थे। वे पहले ही उसके विरोधी थे, परन्तु वे उसे ठुकराने के और कारण ढूंढ़ रहे थे। उनके मनों में उसके प्रति घृणा थी और वे उस घृणा को बढ़ाने के लिए बहाने ढूंढ़ते थे।

यीशु ने उस अपाहिज से ''बीच में खड़ा हो'' जाने को कहा ताकि हर कोई उसे देख पाए (3:3)। फिर, उनके मन के विचारों को पढ़ते हुए, उसने देखने वालों से पूछा, ''क्या सब्त के दिन भला करना उचित है या बुरा करना, प्राण को बचाना या मारना?'' (3:4)। आराधना के लिए आराधनालय में जमा लोगों को कोई जवाब न आया। परमेश्वर के पुत्र यीशु के लिए उनकी घृणा उनकी खामोशी में अपना बदसूरत चेहरा दिखा रही थी। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यीशु ने थोड़ी देर के लिए उन लोगों की ओर देखा और उनके मनों की कठोरता पर क्रोधित हुआ। फिर थोड़ी देर के लिए वह इस बात पर उदास हो गया कि किसी अपाहिज व्यक्ति के प्रति इन धार्मिक लोगों का यह रवैया कैसे हो सकता है (3:5)।

सूखे हाथ वाले आदमी की ओर देखते हुए उसने कहा, ''अपना हाथ बढ़ा'' (3:5)। हाथ बढ़ाते ही वह आदमी एकदम चंगा हो गया। उसी समय उस आदमी का हाथ अपने असली आकार में आ गया, उसका रंग ठीक हो गया और दूसरे हाथ के जितना ही स्वस्थ हो गया।

मसीह के लिए जिसने सब्त के दिन किसी गरीब को चंगा किया था, घृणा से भरे फरीसी इस बात से आग बबूला होकर कि यीशु ने क्या किया, उठकर सभा से चले गए (3:6)। बाहर जाने के थोड़ी देर बाद उन्हें हेरोदेसी मिल गए और उन्होंने मिलकर हर हाल में यीशु की हत्या करने का षड्यन्त्र आरम्भ कर दिया। इससे बेहतर त्रासदी भरे दृश्य की कल्पना करनी कठिन होगी।

अद्भुत उद्धारकर्त्ता, आश्चर्यजनक रूप से प्रभावशाली चंगाई देने वाले और परमेश्वर के महान पुत्र यीशु को लोगों ने अनोखे जवाब दिए। उनके जवाब नकारात्मक और सकारात्मक दोनों थे जो जीवन से भरे भी थे और मृत्यु से भरे भी। आइए इन में से हर रवैये को ध्यान से देखते हैं

और नये सिरे से फैसला करें कि हम अपने मन सच्चाई पर ही लगाएंगे।

1. सूखे हाथ वाले आदमी ने *भरोसा करने वाले मन* के साथ जवाब दिया। उसे सम्भवतया कोई ध्यान नहीं था कि उस दिन यीशु आराधनालय में आने वाला है। जब यीशु ने उसे सभा के सामने खड़ा होने को कहा तो वह बिना हिचकिचाए आगे बढ़ गया। उसने वही किया जो यीशु ने उसे करने को कहा। जो सलाह यूहन्ना 2 में विवाह के भोज में मरियम ने सेवकों को दी थी, वैसे ही सलाह इस आदमी ने अपने मन को दी होगी: ''जो कुछ वह तुम से कहे, वही करना'' (यूहन्ना 2:5)। हमें यह नहीं बताया गया है कि वह यीशु को कितना अधिक जानता था, पर वह इतना जानता था कि उसने ठान लिया था कि जो कुछ यीशु उसे करने को कहे वह उसे करेगा। भरोसा करने वाले मन की सराहना करना बनता है।

2. वहां उपस्थिति फरीसियों ने दूसरा जवाब दिया। उनकी प्रतिक्रिया *एक कठोर मन* वाला रवैया था। उनके मन उन लोगों की सेवा करने के बजाय जो जीवन की त्रासदियों से परेशान थे, सब्त के लिए बनाए गए अपने छोटे-छोटे मनुष्य के नियमों को मानने पर लगे थे। वे अनकहे प्रश्न ''क्या सब्त के दिन चंगा करना उचित है?'' के साथ यीशु को चुनौती दे रहे थे। यीशु ने ऊंचे शब्द से यह पूछकर उनका सामना किया, ''क्या सब्त के दिन भला करना उचित है या बुरा करना, प्राण को बचाना या मारना?'' (3:4)। साफ है कि यीशु ने उनके सामने प्रश्न को एक दृष्टांत देकर रखा: ''तुम में ऐसा कौन है जिसकी एक ही भेड़ हो, और वह सब्त के दिन गड्ढे में गिर जाए, तो वह उसे पकड़कर न निकाले? भला, मनुष्य का मूल्य भेड़ से कितना बढ़कर है! इसलिये सब्त के दिन भलाई करना उचित है'' (मत्ती 12:11, 12)। क्या इन पत्थर दिल फरीसियों ने उसके संदेश को मन में आने दिया? नहीं, इन लोगों ने नहीं। क्योंकि इनके लिए बहुत देर हो चुकी थी। उनके मन पूर्वाग्रह से बंद थे।

3. तीसरा जवाब एक आयत में संक्षिप्त हो जाता है। यह जवाब बाद में फरीसियों और हेरोदेसियों द्वारा दिया गया था। उन्होंने अपने मनों की कठोरता को काबू में करने का प्रयास नहीं किया था जिस कारण नफरत से सड़े ये मन जल्द ही *घातक मनों* में बदल गए। मरकुस ने कहा, ''तब फरीसी बाहर जाकर तुरन्त हेरोदियों के साथ उसके विरोध में सम्मति करने लगे कि उसे किस प्रकार नष्ट करें'' (3:6)। उस सभा से निकलकर जहां निर्धनों की सेवा करने का प्रचार किया जा रहा था, समझाया जा रहा, और सेवा की जा रही थी, वे मसीहा को मार डालने की योजना बनाने लग पड़े! क्या इससे दु:खद या इससे बढ़कर दुष्टता भरी योजना की कल्पना की जा सकती है?

फरीसियों की घृणा के विपरीत, इस आराधनालय का दृश्य हमें यीशु का एक सुन्दर चित्र दिखाता है। हम उसे उस उद्धारकर्त्ता के रूप में देखते हैं जिसका करुणा और प्रेम से भरा सुन्दर मन है। सर्वशक्तिमान मसीह को उस टूटे हुए आदमी पर बड़ा तरस आया। उसने मनुष्य के कठोर मनों को देखा और उनके बारे में उसके दर्शन ने उसका दिल तोड़ दिया। किसी भी और बात से बढ़कर, वह चाहता है कि उसके लोगों के मन जैसा उसने उन्हें बनाया, अच्छे हों। जिस प्रकार से धार्मिक अगुवे परेशान लोगों के साथ व्यवहार करते थे उसने यीशु को क्रोधित और दु:खी कर दिया। अपने मनों को परमेश्वर के मन के जैसे बनाने के बजाय उन्होंने अपने मनों को घृणा के मलकुण्ड बनने दिया था।

ऐसा नहीं था कि यीशु के परमेश्वर होने के प्रमाण में कोई कमी थी। वास्तव में यह साफ दिखाई देता, बिल्कुल साफ़ नज़र आता था और विश्वसनीय था। हम कल्पना कर सकते हैं कि सूखे हाथ वाले इस आदमी की चंगाई साथ बैठे किसी व्यक्ति को कैसी लगी। देखने वाले ने उस हाथ के तुरन्त अपनी पहले वाली स्थिति में आ जाने को देखा होगा। मांस फिर से चढ़ आया था, बेजान हो चुकी उंगलियां फिर से काम करने लगी थीं और वह आदमी अचानक से संसार में आए आदमी की भूमिका लेने के लिए तैयार था। परन्तु अंत में मन को ही यह बताना होता है कि वह दिए गए प्रमाण पर विश्वास करेगा या नहीं।

निष्कर्ष: यदि हम विश्वास नहीं करना चाहते हैं, तो मुर्दों में से यीशु का जी उठना भी हमें यकीन नहीं दिला सकता। यदि हम नये नियम की मसीहियत नहीं बनना चाहते, तो नये नियम की सीधी-सीधी बातें हमें विश्वास नहीं दिला सकतीं। परन्तु यदि हम विश्वास करना चाहते हैं, तो हमारे मन प्रमाण को मानने को तैयार होंगे और हम इसे मानने को तैयार होंगे। परमेश्वर यह सुनिश्चित करेगा कि हमारे पास अपने विश्वास को बढ़ाने और मज़बूत करने के लिए पर्याप्त प्रमाण दे। निर्गमन में लगभग दस बार कहा गया है कि परमेश्वर ने फिरौन का मन कठोर कर दिया; और उसी पुस्तक में लगभग दस बार कहा गया है कि फिरौन ने अपना मन कठोर कर लिया। परमेश्वर ने उसके सामने प्रमाण रखा, और फिरौन ने अपने ही मन में यह निर्णय लिया कि उस प्रमाण के साथ वह क्या करेगा। प्रमाण स्पष्ट था और हो सकता है कि यह छह या छह से अधिक महीनों तक दिया जाता रहा हो। परन्तु फिरौन विश्वास नहीं करना चाहता था और नतीजा यह हुआ कि उसने विश्वास नहीं किया।

इस प्रमाण के लिए कि यीशु परमेश्वर का पुत्र मसीह है हम कैसे मन लेकर आते हैं? क्या हमारे मन भरोसा करने वाले हैं? क्या हमारे मन कठोर हैं क्योंकि हमने विश्वास न करना चुन लिया है? क्या वे उस प्रमाण को और उसे लाने वाले को नष्ट करने के लिए समर्पित घातक मन हैं? क्या हमारे मन ऐसे हैं जो संदेश को ही नहीं बल्कि संदेश को लाने वाले को भी नकारते हैं?

सम्भवतया यदि हम कह सकते हैं, तो सबसे बुरा पाप, स्पष्ट प्रमाण को न मानने का पाप है। जब इन फरीसियों ने उस आश्चर्यकर्म को देखा और यीशु के सुन्दर मन से निकले उस संदेश को सुना, तो उन्होंने संदेश से और उस आश्चर्यकर्म से, गुस्से में मुंह फेर लिया, जो कि सबसे बड़ी गलती थी जो कोई भी मनुष्य कर सकता है।

मसीह भीड़ के साथ (3:7-12)

यीशु की सेवकाई में यहां पर, उसे लोगों को सिखाने के लिए एक अलग तरीका चुनना पड़ा। आम लोगों के बीच में उसकी प्रसिद्धि चरम पर थी, परन्तु यहूदी धर्म गुरुओं के मन में उसके प्रति शत्रुता बहुत बढ़ गई थी। मरकुस ने कहा कि आराधनालय में यीशु के उस अपाहिज को चंगा करने के बाद, फरीसी ''बाहर जाकर तुरन्त हेरोदियों के साथ उसके विरोध में सम्मति करने लगे कि उसे किस प्रकार नष्ट करें'' (3:6)। जिसके कारण यीशु को नगर छोड़ कर जाना पड़ा। इसके बाद उसे उपदेश देने के लिए इधर से उधर जगह जगह जाना पड़ता था।

यीशु की सेवकाई में इस बदलाव को दोहराते हुए मरकुस ने बताया कि किस प्रकार से यीशु अपने चेलों के साथ झील की ओर चला गया। उसने उपदेश देना जारी रखा परन्तु वह किसी

शांत जगह की तलाश में रहता था। मरकुस की पुस्तक दस बार बताती है जब यीशु अलग-अलग कारणों से लोगों की भीड़ से दूर गया (1:35; 3:7; 6:32, 46; 7:24, 31; 8:13; 9:2; 10:1; और 14:32-39)।

फिर भी यीशु शांत, एकांत जगह पर अधिक देर तक नहीं रह पाता था। ''एक बड़ी भीड़'' उसे ढूंढ़ लेती कि वह कहां है और उसके पीछे हो लेती। यीशु की बढ़ती प्रसिद्धि और बदनामी उन्हीं जगहों से दिखाई गई है जहां से भीड़ उसके पीछे आती थी: ''और गलील से एक बड़ी भीड़ उसके पीछे हो ली; और यहूदिया, और यरूशलेम, और इदूमिया, और यरदन के पार, और सूर और सैदा के आस-पास से'' (3:7, 8)।

यीशु के पास लोग मुख्यतया उन आश्चर्यकर्मों के कारण आना चाहते थे जो उसने उनके बीच में किए थे। मरकुस ने कहा, ''एक बड़ी भीड़ यह सुनकर कि वह कैसे अचम्भे के काम करता है, उसके पास आई'' (3:8)। लोगों के आने की प्रेरणा की टिप्पणी हमें याद दिलाती है कि यीशु अपने आश्चर्यकर्मों से लाभ लेने वालों को उन्हें दूसरों को बताने से रोकने की चेतावनी देने का बड़ा ध्यान रखता था। आश्चर्यकर्मों से लोगों की बड़ी संख्या उसके पीछे चलने को उमड़ पड़ती थी।

इस जगह पर जहां यीशु इतने सारे लोगों से घिरा हुआ था जो धक्कम धक्का करके उसका स्पर्श करने को उतावले थे, हम उसकी एक और जानकारी देने वाली तस्वीर को देखते हैं। यह घटना उसके बारे में क्या बताती है?

1. इस अवसर पर जो हुआ वह एक बार फिर से यीशु को *तरस से भरे मसीह* के रूप में दिखाता है। उसके मन में भीड़ के लिए बड़ी चिंता थी। उसके मन में लोगों के प्रति सहानुभूति थी।

हमें यह लगता होगा कि यीशु ने लोगों को यह कहते हुए कि वे उसके पास गलत कारण से आ गए थे, भगा देना था। इसके अलावा उसे मालूम था कि यह भी उसकी जान के लिए खतरा हैं। लोग उसे कुचल सकते थे। इसी खतरे के कारण यीशु ने अपने चेलों से कहा कि ''भीड़ के कारण एक छोटी नाव मेरे लिये तैयार रहे ताकि वे मुझे दबा न सकें'' (3:9)। परन्तु यीशु भीड़ की प्रेरणा और उस खतरे से जो उनके साथ था, आगे देखता था और लोगों को आने देता था। वचन बताता है, ''क्योंकि उसने बहुतों को चंगा किया था, इसलिये जितने लोग रोग-ग्रस्त थे, उसे छूने के लिये उस पर गिरे पड़ते थे'' (3:10)। सचमुच में वह उन्हें चंगा करने लगा। चाहे यह बताया नहीं गया है, परन्तु वह जहां तक हो सकता उन्हें उपदेश भी देता होगा।

हमें यीशु के बारे में इस तथ्य को याद रखना आवश्यक है कि वह तरस करने वाला मसीह है। किसी और घटना के बारे में जो कुछ मत्ती ने कहा, वही यहां पर कहा जा सकता है: ''जब उसने भीड़ को देखा तो उस को लोगों पर तरस आया, क्योंकि वे उन भेड़ों के समान जिनका कोई रखवाला न हो, व्याकुल और भटके हुए से थे'' (मत्ती 9:36)। यह शब्द ''तरस'' हमें यीशु के स्वभाव की समझ देता है। वह हमारे प्रति अपनी दया और कोमलता में कभी नाकाम नहीं होता। वह हम से वैसे ही प्रेम करता है जैसे माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं। चाहे हम गलतियां करते रहते हैं, परन्तु यीशु अंत तक हमारे साथ रहेगा। उसका अनुग्रह हमारे ऊपर बना रहता है।

2. इसके अलावा भीड़ के साथ यह असामान्य परिस्थिति यीशु को *पवित्र मिशन वाले*

मसीह के रूप में दिखाती है। उसने भीड़ को अपने उद्देश्य से हटाने नहीं देना था। उन्होंने बीमार और दु:खी लोगों को उसके पास लाकर सारा समय बीमारों को चंगा करने और अशुद्ध आत्माओं को निकालने के लिए देने का दबाव बनाकर, उसे घेर लिया। उन्हें उसके दान चाहिए थे, परन्तु उनका ध्यान संसार के लिए उनके उद्धार के ईश्वरीय लक्ष्य पर नहीं था।

उसके काम का मानवीय पक्ष महत्वपूर्ण था, परन्तु यह उसके पृथ्वी पर के आगमन का प्रमुख कारण नहीं था। नहीं उसने विकलांगों, बीमार और अशुद्ध आत्मा से ग्रस्त लोगों से भटकना नहीं था। उसने बीमारों तक पहुंचकर और पापियों तक पहुंचकर पृथ्वी पर की अपनी सेवकाई के दोनों पक्षों पर फोकस करना था; परन्तु उसने अपनी मुख्य दिलचस्पी पापियों को बचाने, परमेश्वर के राज्य का प्रचार करने और उपदेश देने के अपने मिशन पर लगानी थी।

क्या हम इस बात से प्रसन्न नहीं हैं कि यीशु ने यही किया? वह संसार में हमें इसमें से बाहर निकालकर परमेश्वर पिता के साथ स्वर्गीय घर में ले जाने के लिए आया। वह इस संसार के हर दु:ख को दूर करने के लिए नहीं आया। वह उस दु:ख का भाग बनने के लिए आया जो इससे जुड़ा था, ताकि वह हमें अपने असली घर अर्थात हमें अनन्त घर में ले जा सके।

3. इसके अलावा बढ़ती भीड़ के साथ यीशु के काम करने की घटना उसे *चरित्रवान और सत्य वाले मसीह* के रूप में दिखाती है। चाहे लोग मुख्यतया स्वार्थी इच्छाओं के कारण यीशु के पास आते थे परन्तु वह उनके बीच में अपने प्रामाणिक नि:स्वार्थ स्वभाव को दिखाता था। वह उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं करता था या उनका अपमान नहीं करता था। उसने उन्हें केवल सच्चाई बताई ही नहीं थी, बल्कि उसने उस सच्चाई के लिए मरना भी था।

यीशु ने जब-जब अपने आपको कठिन परिस्थितियों में पाया तब तक उसने सिखाने का तरीका चुना। वह अपने कामों और अपनी बातों को अपने बारे में स्वर्गीय सच्चाई के आधार पर चुनता था।

बीमारों को चंगा करते हुए वह दुष्टात्माओं को डांटता भी था, जिससे वह उन्हें उन लोगों में से निकाल देता था जिनमें वे रहती थीं। वे उसे परमेश्वर का पुत्र मानना चाहती थीं, परन्तु यीशु उन्हें चुप करवा देता और उन्हें बोलने नहीं देता था। मरकुस ने कहा, ''अशुद्ध आत्माएँ भी, जब उसे देखती थीं, तो उसके आगे गिर पड़ती थीं, और चिल्लाकर कहती थीं कि तू परमेश्वर का पुत्र है'' (3:11)। बिना किसी संदेह के, दुष्टात्मा को यीशु को परमेश्वर का पुत्र बताना अनुपयुक्त है। यह सच तो है परन्तु दुष्टात्मा के स्वभाव से इसे क्षति पहुंचती है। यीशु नहीं चाहता था कि उसके बारे में ऐसी गवाही दी जाए।

यीशु ने उस सच्चाई को जो उसमें है, किसी को दाग लगाने की अनुमति नहीं दी। दूसरों ने सच्चाई की बात की, परन्तु यीशु ने कहा कि वह खुद सच्चाई है: ''मार्ग और सत्य और जीवन मैं ही हूँ; बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता'' (यूहन्ना 14:6)। यदि वह सच्चाई जो उसमें है किसी प्रकार से दाग दार हो जाती तो वह मार्ग और जीवन जिसे वह लाया था, भी प्रभावित होना था। हमारे लिए यह समझना कितना प्रोत्साहित करने वाला है कि यीशु के बारे में हर बात प्रामाणिक है!

निष्कर्ष: मसीह जो आया, मनुष्य का पुत्र और परमेश्वर का पुत्र, वह मनुष्य जाति से इतना ऊंचा था कि उसके बारे में हर चीज़ जानना असम्भव होना था। यह विचार कि सृष्टि अपने

सृष्टिकर्त्ता को पूरी तरह से समझ जाए, विचार किए जाने के योग्य भी नहीं है। क्या पानी की एक बूंद समुद्र को समझ सकती है ? परन्तु यीशु के बारे में हमें जो भी सच्चाई पता चलती है हमारे मन उसका स्वागत करते हैं और उससे हमें अनकहा आनन्द मिलेगा।

अपने विचार में परमेश्वर के पुत्र के उस अचम्भे को पाने से, जो हमें उद्धार दिलाने के लिए इस पृथ्वी पर आया, बड़ा कोई लक्ष्य नहीं हो सकता। हम इस भीड़ के साथ खड़े हुए हैं और हम ने यीशु को थोड़ा सा और नज़दीकी से देखा है। वह तरस करने वाला, पवित्र मिशन पर और चरित्रवान और प्रामाणिक मसीह है। इससे हमें यह पता चलता है कि वह हमेशा हमसे प्रेम रखेगा, तब भी जब हमारे इरादे बदले हुए हों; वह हमारे उद्धार की इच्छा करने से कभी रुकेगा नहीं। उसे उसके लक्ष्य से कोई हटा नहीं सकता। वह अपने साथ बेईमानी नहीं कर सकता क्योंकि उसके लिए किसी के साथ या किसी भी चीज़ में झूठा होना नामुमकिन है।

उसके बारे में इन सच्चाइयों से हमें याद दिलाया जाता है कि वह हमेशा हमारे साथ रहेगा; और हमें हर हाल में, हमेशा उसके साथ रहने का निश्चय करना आवश्यक है ! हमने मसीह को भीड़ के साथ देखा है, और हम इसे कभी भूलेंगे नहीं।

जब यीशु सेवकों को चुनता है (3:13-19)

मरकुस 3:13-19 में ईश्वरीय वचन के द्वारा पवित्र आत्मा हमें यीशु की सेवकाई के एक महत्वपूर्ण बदलाव वाली जगह पर ले आता है। इस बार यीशु अपनी पृथ्वी की सेवकाई में बारह चुने हुए पुरुषों को लाया। यीशु को मालूम था कि उसने संसार में अधिक देर तक नहीं रहना था (शायद दो से थोड़ा वर्षों तक) और उसके लिए उन लोगों को चुनना आवश्यक होना था जो उसके मिशन को आगे ले जा सकें। यहां से, उसकी सेवकाई का भविष्य उसकी सोच और कार्यों में अधिक प्रभावी हो गया।

हम प्रेरितों के उसके चुनने को दो स्तरों वाले होने के रूप में देख सकते हैं, एक वास्तविक स्तर और दूसरा लागू करने का स्तर। पहले स्तर में वे तथ्य थे जो वह अपनी सेवकाई के इस मोड़ पर कर रहा था। वचन हमें दिखाता है कि उसने किन्हें चुना, उसने उन्हें क्यों चुना और उसने उन्हें कैसे चुना। वह उन लोगों को चुन रहा था जिनकी उसके साथ संगति और प्रशिक्षण निराले ढंग से कलीसिया का आधार बन जाना था। इन लोगों के प्रशिक्षण में उसकी सेवकाई के बाकी समय का अधिकतर भाग लग गया।

दूसरा स्तर हमें उन नियमों का ध्यान दिलाता है जिन्हें यीशु ने इन लोगों को चुनने में लागू किया। उसने अपने प्रेरितों को चुनने के लिए विशेष मानदण्ड का इस्तेमाल किया और यह मानदण्ड आज पुरुषों और स्त्रियों से लेकर जवान और सब चेलों पर लागू होते हैं। लोगों को उसके पीछे चलने की पसन्द में यीशु के हमेशा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश होते हैं।

उस समय अपने सेवकों को चुनते हुए यीशु ने किन नियमों का इस्तेमाल किया और अपने सेवकों को चुनते हुए वह अब किन नियमों का इस्तेमाल करता है ?

1. *यीशु अपने सेवकों के चुनाव को बड़ी गम्भीरता से लेता है।* लूका बताता है कि इन लोगों को बुलाने से पहले उसने पूरी रात प्रार्थना में बिताई। उसका इस घटना के बारे में प्रार्थना करना सोच विचारकर लिया गया निर्णय था। इस काम का उसके मन पर बड़ा बोझ था। लूका

6:12, 13 इसे बड़ी गम्भीरता का समय बताता है: ''उन दिनों में वह पहाड़ पर प्रार्थना करने गया, और परमेश्वर से प्रार्थना करने में सारी रात बिताई। जब दिन हुआ तो उसने अपने चेलों को बुलाकर उन में से बारह चुन लिए, और उनको प्रेरित कहा।'' इन लोगों ने परमेश्वर की सेवकाई को बढ़ाना था और मनुष्य के पुत्र के रूप में वह प्रार्थना करते रहकर परमेश्वर की उपस्थिति में इस चयन पर ध्यान लगाना चाहता था।

क्या हम यह नहीं कह सकते हैं कि यीशु आज किसी को अपनी सेवा के लिए चुनने के बारे में बहुत गम्भीर होता है? वह अपना प्रतिनिधि बनाने के लिए असली चेलों को चाहता है। ऐसा क्यों है? इसका एक कारण तो यह है कि प्रतिदिन के जीवन में उसके मिशन का बढ़ना इस बात से तय होता है कि यीशु ने कैसे चेलों को रखा है। एक ट्रक कम्पनी के निकास द्वार पर लिखा था, ''इस द्वार के आगे आप कम्पनी के प्रतिनिधि हैं।'' यीशु का चेला जहां भी जाए, वहां वह परमेश्वर के पुत्र, अर्थात उद्धारकर्त्ता का प्रतिनिधि होता है। उसके जीवन, बातों, सोच और व्यवहार से उस मिशन का पता चलता है जिसे यीशु ने संसार में शुरू किया। चेला मसीह(ी) है, अर्थात मसीह की नकल है। यीशु चाहता है कि हम उस संसार में जिसे बचाने के लिए वह मरा उसे वफ़ादारी से पेश करें।

2. *यीशु अपने सेवकों को एक मिशन के लिए चुनता है।* उसने इन प्रेरितों को विशेष कारणों से चुना। मरकुस ने कहा, ''तब उसने बारह पुरुषों को नियुक्त किया कि वे उसके साथ-साथ रहें, और वह उन्हें भेजे कि वे प्रचार करें, और दुष्टात्माओं को निकालने का अधिकार रखें'' (3:14, 15)। उसने यीशु के इन लोगों को चुनने के तीन कारण बताए।

पहला, वह चाहता था कि वे ''उसके साथ साथ रहें'' (3:14)। उन्होंने उसे अपने मिशन को पूरा करते हुए देखकर उसके बारे में जानना था। प्रभु का सिद्ध जीवन उनके आस पास होना था और इसने उनको प्रभावित करना था। यीशु ने नमूना बनना था और उन्होंने छात्र बनना था।

दूसरा, वह चाहता था कि ''वह उन्हें भेजे कि वे प्रचार करें'' (3:14)। प्रचार करना यीशु के काम का मुख्य भाग था और उसने प्रचार करने के अपने मिशन को उन्हें सौंपने देने के लिए उनका चुनाव किया। इस सच्चाई को समझने के लिए हमें पिन्तेकुस्त के दिन किए जाने वाले प्रचार के योगदान को देखना आवश्यक है (प्रेरितों 2)। यह उन बड़ी घटनाओं का केन्द्र था जो उस दिन घटीं।

तीसरा, वह उन्हें यह दिखाने में सहायता करना चाहता था कि वह शैतान को हराने के लिए आया। उन्होंने दुष्टात्माओं को निकालने के द्वारा उसकी सामर्थ को दिखाना था (3:15)। इस प्रकार से उन्होंने उस काम में योगदान देना था जिसका वर्णन 1 यूहन्ना 3:8 में किया गया है: ''परमेश्वर का पुत्र इसलिए प्रगट हुआ, कि शैतान के कामों को नाश करे।''

हमें यीशु के पीछे चलने के लिए बुलाया गया है (मत्ती 16:24)। शायद हम कह सकते हैं कि हमें यीशु के साथ होने और संसार में उसके साथ जाने के लिए चुना गया है। मसीहा ने हमें उसके हमारे द्वारा इसे पूरा करते रहने से उसके साथ-साथ चलते हुए उसके मिशन में उसके साथ जुड़ने को कहा है। हम उसकी आत्मिक देह यानी उसके हाथ, आंखें और पांव बन गए हैं। हम गीत गाते हैं, ''वह मुझे जहां ले जाए मैं जाऊंगा।''[31] परन्तु हम जानते हैं कि वह हमें कहां ले जाना चाहता है। हम सारे संसार में क्रूस का संदेश लेकर उसके साथ आगे बढ़ रहे हैं। लोगों

को हमारी आवश्यकता है और हम उनके बीच में रहने और उनकी सेवा करने के लिए यीशु के नाम में आगे बढ़ रहे हैं।

3. एक और सच्चाई हमारा ध्यान खींचती है: *यीशु अपने सेवकों को जीवन भर के लिए चुनता है।* इन प्रेरितों को पृथ्वी से उसके चले जाने के बाद उसके काम को आगे बढ़ाने के लिए बुलाया गया था। यहां पर इस सच्चाई पर ज़ोर नहीं दिया गया है, परन्तु अटारी वाले कमरे वाली बातचीत में इसे स्पष्ट किया गया है (यूहन्ना 14-16)। उसने उन्हें अपनी होने वाली मृत्यु के बारे में बड़े सहज ढंग से बताया और उसने उन्हें आश्वास्त किया कि उसने उन्हें अनाथ नहीं छोड़ना था (यूहन्ना 14:18)। यीशु की दिलचस्पी अंश-कालिक चेलों या सेवकों में नहीं है। हर व्यक्ति जो आज बपतिस्मे में यीशु के साथ जुड़ता है वह उसे अपने बाकी के जीवन की हर बात में अपना प्रभु बना लेता है। इन बारहों को अनुग्रहकारी उद्धारकर्त्ता के द्वारा उनके बाकी के जीवनों के लिए प्रेरितों के रूप में सेवा करने के लिए तैयार किया जाना था। वह उनसे मसीही युग को आरम्भ करने और बरकरार रखने में अपने जीवन दे देने को कह रहा था।

मसीहियत केवल प्रतिदिन का अनुभव नहीं, बल्कि यह जीवन भर का अनुभव भी है। इसे हमारे बाकी के वर्षों के लिए प्रतिदिन जीया जाता है। आम तौर पर मृत्यु जीवन के बाद आती है, परन्तु चेले के जीवन में मृत्यु जीवन से पहले आई। यीशु हमें उसके लिए पाप से मरने को कहता है ताकि हम अपने बाकी के जीवन में उसके साथ जी सकें। विवाह के समय पति पत्नी द्वारा ली गई शपथों की तरह, यीशु को अपना दिल देने का वचन बाकी का जीवन उसके साथ बिताने का वायदा करना है। हम इस पर आश्वस्त हो सकते हैं कि यीशु हमें बाकी के जीवन के लिए अपना सेवक होना चुनता है।

निष्कर्ष: यह स्पष्ट है कि यीशु के तरीके में लोग होते थे यानी उसकी योजना लोग होते थे। यीशु जब पृथ्वी पर था, तो उसने धन इकट्ठा नहीं किया (मत्ती 8:20)। उसने कोई मकान या जायदाद नहीं बनाई। एक अर्थ में, उसके पास यह सब कुछ है, परन्तु वह यहां पर एक मुसाफिर की तरह रहा। उसने सेवानिवृत्ति का कोष जमा करने के लिए कारोबार नहीं किया। उसने अपना मन पुरुषों और स्त्रियों को अपना चेले बनाना चुनने के लिए लगा दिया। फिर उसने उन्हें ढालकर संसार में जितना भी समय उन्हें दिया जाना था, सेवा करने के लिए भेजा।

क्या हम उसे हमें चुनकर, ढालने और उसकी इच्छा को पूरा करने के लिए भेजने देंगे? यदि हमारा उत्तर ''हां'' है तो हमें हर बात में आज्ञाकारी होकर सुसमाचार को गले से लगाना आवश्यक है। बाइबल बताती है कि यदि हम उद्धार पाना चाहते हैं, तो हमें मसीह को परमेश्वर के पुत्र के रूप में मानकर उसमें अपने विश्वास का अंगीकार करना, अपने पापों से मन फिराना और उन पापों की क्षमा के लिए मसीह में बपतिस्मा देना आवश्यक है (देखें प्रेरितों 2:38; रोमियों 10:8-10)। जब हम जीवन भर के समर्पण में अपने आपको मसीह को दे देंगे तो हम उसके मिशन को पूरा करने में सक्रिय रूप में भाग ले रहे होंगे।

यीशु की जीवनशैली को देखना (3:20, 21)

अपने प्रेरितों को चुन लेने के बाद यीशु पहाड़ से नीचे आया, और मरकुस के अनुसार, ''वह घर में आया'' (3:20)। जिस घर की बात की गई है वह वही घर होगा जिसका इस्तेमाल

वह कफरनहूम में कर रहा था। यह पतरस का घर हो सकता है। साफ है कि गलील में अपना प्रचार और उपदेश देना आरम्भ करने पर यीशु अपना मुख्यालय नासरत से कफरनहूम में ले गया।

जब लोगों को पता चला कि यीशु नगर में है तो उसके आस-पास बहुत भीड़ जमा हो गई। वे उसे सुनना चाहते थे और इसमें कोई संदेह नहीं कि वे अपने बीमारों को उसके पास लाना चाहते थे, चाहे इस वचन में इस तथ्य को नहीं बताया गया है। मांगों से भरी भीड़ उसके आस पास रहती, जिस कारण उसे अपने लिए कोई समय नहीं मिलता था। यानी उसे खाने का समय भी नहीं मिला। मरकुस इस स्थिति में यीशु के तनाव को बड़ा स्पष्ट दिखाता है: ''ऐसी भीड़ इकट्ठी हो गई कि वे रोटी भी न खा सके'' (3:20)।

उसके परिवार के कुछ लोगों (मूल यूनानी शब्द का अर्थ ''उसके अपने लोगों'') ने यीशु को उसके आस पास जमा हुए लोगों को अपना आप पूरी तरह से देते हुए देखा और उन्हें लगा कि उनकी सहायता करते करते वह बहुत आगे निकल गया है। उन्होंने तो यह भी सुझाव दे दिया कि उसका दिमाग टिकाने नहीं है। मरकुस ने लिखा, ''जब उसके कुटुम्बियों ने यह सुना, तो वे उसे पकड़ने के लिए निकले; क्योंकि वे कहते थे कि उसका चित ठिकाने नहीं है'' (3:21)। सच यह है कि उसके मित्रों या रिश्तेदारों को लगता था कि उन्हें चाहिए उसे उन लोगों से जो उससे कुछ अधिक ही मांग कर रहे हैं, बचाएं। उन्हें लगता था कि जो भी कोई ऐसा होने देना की बात सोचता है, वह सही नहीं सोच रहा।

इस स्थिति में हमें यीशु का एक संक्षिप्त चित्र मिलता है जो और गहराई से सोचने की मांग करता है। इस परेशानी वाली स्थिति पर विचार करते हुए हमें यीशु के प्रतिदिन की जीवन शैली की एक झलक मिलती है। यीशु कैसा दिखता था। परमेश्वर के सिद्ध पुत्र ने दबाव डालती भीड़ को कैसे सम्भाला?

1. चाहे हमें इस पर आश्चर्य नहीं होता, परन्तु हम इस परिस्थिति में पाते हैं कि यीशु की जीवनशैली को देखते हैं कि इसमें *त्याग करने वाला गुण* था। उसे हमेशा भीड़ पर तरस आता था और वह हमेशा उनकी आवश्यकताओं को अपनी आवश्यकताओं से पहल देता था।

लोगों के लिए यीशु का प्रेम क्रूस पर बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है, जब उसने सब लोगों के लिए, हर पाप के लिए, सदा के लिए बलिदान के रूप में अपना प्राण दे दिया। परन्तु यहां उसके घर में, यीशु के दैनिक जीवन में वह गुण दिखाई देता है जब उसने अपने आपको अपने निकट उसे दबा रहे उत्सुक लोगों के सामने पेश किया ताकि वह उसे सुन सकें या उसे छू सकें। लोगों ने उस पर हमला किया पर उसने इस मुश्किल को उन लोगों को सिखाने के लिए जो उसके दिल के करीब थे मधुर क्षण में बदल दिया।

हमारे पापों के लिए बलिदान के रूप में अपने आपको देने से भी पहले यीशु ने बलिदान भरा जीवन बिताया। जब हम उसके त्याग भरे जीवन को देखते हैं, तो हमें उस मृत्यु की समझ आती है जो उस पर आने वाली थी। वह लोगों के लिए जीया; और सही समय पर, उसने लोगों के लिए मरना था।

इस कारण कि यीशु ने लोगों को अपने आपको इतना खुले तौर पर दे दिया जिससे उसके मित्रों और उसके प्रियजनों ने उसे उनके पास से दूर ले जाना चाहा। यीशु ने उनका विरोध किया और अपना उपदेश जारी रखा। हमारे निजी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए इस तथ्य पर विचार

किया जाना चाहिए। यूहन्ना ने लिखा, ''हमने प्रेम इसी से जाना, कि उसने हमारे लिए अपने प्राण दे दिए; और हमें भी भाइयों के लिए प्राण देना चाहिए'' (1 यूहन्ना 3:16)। ''हमें भी भाइयों के लिए प्राण देना चाहिए'' वाक्यांश निश्चित तौर पर वैसे निजी जीवन की बात करता है जैसा हमारा होना चाहिए। अपने प्रतिदिन की गतिविधियों में हमें एक-दूसरे के लिए, ''प्राण देना चाहिए।''

2. जिस प्रकार से यहां पर यीशु को दिखाया गया है वह हमें उसकी जीवनशैली की एक और खूबी पर विचार करने को विवश करता है। उसकी सिद्ध जीवन शैली का इसमें *पूरी तरह से आत्मिक गुण* था। यीशु को लोगों के शारीरिक शृंगार की उतनी चिंता नहीं थी जितनी उसके उनके आत्मिक स्वभाव की। चाहे उसने बीमारों को चंगा करने और अपाहिजों को ठीक करने में असंख्य घण्टे बिताए, परन्तु लोगों के आत्मिक जीवन में उसकी दिलचस्पी सबसे बढ़कर थी। इस अवसर पर उसने अपने खाने से भी पहले लोगों को आगे रखा। वह ग्राही लेने के लिए आगे आ सकता था, परन्तु उसने नहीं ली। शायद खाने का विचार भी यीशु के दिमाग में नहीं आया। लोगों की सेवा करने में इतना व्यस्त था कि उसके कार्यक्रम में खाने के लिए कोई समय नहीं बचा था।

जो कुछ इस घर में हुआ वह हमें यूहन्ना 4 में कुएं पर यीशु के साथ जो हुआ था, उसका स्मरण दिलाता है। उसने एक पापिन स्त्री को जीवन के जल तक ले जाने में अपना समय दे दिया था और दोपहर का खाना नहीं खाया था। चेलों ने यह जानते हुए कि उसने खाना नहीं खाया है, उससे कहा, ''हे रब्बी, कुछ खा ले।'' यीशु ने कहा, ''मेरे पास खाने के लिए ऐसा भोजन है जिसे तुम नहीं जानते''; ... ''मेरा भोजन यह है कि अपने भेजनेवाले की इच्छा के अनुसार चलूं और उसका काम पूरा करूं'' (यूहन्ना 4:31-34)। यह तो बिल्कुल वैसा ही लगता है जैसा हम यीशु को यहां पर देखते हैं। है न?

शायद एक विश्वासी मिशनरी को यीशु की इस खूबी की समझ हमसे जो बाकी के हैं बेहतर हो। मिशनरी की भूख लोगों के आत्मिक जीवन के लिए है। वह भूख उसे उन्हें सिखाने और अपने जीवन की ऊर्जा उन्हें देने के लिए मजबूर करती है। जब वह उनमें यीशु की आकृति बनना आरम्भ होते देखता है तो उसे वैसा ही आनन्द मिलता है जैसा हमें अपने परिवार में किसी बच्चे का जन्म होने पर मिलता है। उस बच्चे की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए हमें खाना-पीना, सोना या नहाना भी भूल जाता है। अपने आस पास के ज़रूरतमंद लोगों के लिए यीशु यही कुछ करता था।

3. यीशु की जीवन शैली में और क्या-क्या मिलता है? इस वचन में देखते हैं कि उसकी जीवन शैली में *सेवक वाला गुण* था। पौलुस ने नये नियम में उसके स्वभाव के बारे में सबसे शानदार वचनों में से एक में, यीशु के सेवक होने की बात कही, जब उसने लिखा,

> जैसा मसीह यीशु का स्वभाव था वैसा ही तुम्हारा भी स्वभाव हो। जिस ने परमेश्वर के स्वरूप में होकर भी परमेश्वर के तुल्य होने को अपने वश में रखने की वस्तु न समझा। बरन अपने आप को ऐसा शून्य कर दिया, और दास का स्वरूप धारण किया, और मनुष्य की समानता में हो गया (फिलि. 2:5-7)।

यीशु जानबूझकर, उद्देश्यपूर्ण ढंग से और आवश्यक रूप से लोगों का सेवक था। यीशु के

चेले का जीवन सेवक वाला जीवन होना आवश्यक है (देखें फिलि. 2:3, 4)।

यीशु संसार में इसलिए आया ताकि हमें पिता को दिखा सके (यूहन्ना 14:9)। जब हम उसे देखते हैं, तो हमें उसका व्यवहार, स्वभाव, समर्पण और परमेश्वर पिता का उद्देश्य दिखाई देता है। जब हम यीशु को देखते हैं, तो हम पिता को देखते हैं; जब हम परमेश्वर की बात सोचते हैं तो हमें ध्यान में यीशु आ जाता है। चेले को अपने स्वामी के जैसा होना चाहिए। जब हम यीशु को देखते हैं, तो हम देखते हैं कि एक चेले को कैसा होना चाहिए; जब हम चेले को देखते हैं तो हमें देखना चाहिए कि यीशु कैसा है।

निष्कर्ष: प्रशंसा करने और मानने के लिए यीशु की जीवनशैली हमारे लिए आदर्श है, परन्तु याद रखें कि यीशु की जीवनशैली के अनुसार जीने वाले को गलत समझा जाएगा, उसकी आलोचना की जाएगी और शायद उसे आपे से बाहर भी मान लिया जाए। यीशु और पौलुस के साथ ऐसा ही हुआ और कई बार हर वास्तविक मसीही के साथ ऐसा हो सकता है। संसार को इस जीवनशैली की समझ ही नहीं है। दूसरों का मानना है कि यह बेतुका है और वे हमें बलिदान भर मसीही जीवन से ''बचाना'' चाह सकते हैं।

पूरी तरह से आत्मिक और सेवा के लिए अपने आपको दे देने पर, यीशु ने होश नहीं खोया था। नहीं, उसने तो वास्तविक होश दिखाया था। यीशु ''आपे से बाहर'' नहीं था, जैसा कि कुछ लोगों का मानना था (KJV); वह तो अपने वास्तविक आपे यानी परमेश्वर के ईश्वरीय पुत्र के रूप में था। उसका ''दिमाग खराब'' नहीं था जैसा कि कुछ लोगों का अनुमान था (NIV); यीशु तो परमेश्वर के दिमाग से चल रहा था, उस दिमाग से जिसे वह दिखाने के लिए आया था।

चेला होने की इस जीवनशैली का आरम्भ यीशु के जैसा मन बन जाने के साथ होता है। जब कोई व्यक्ति अपने मन में तय कर लेता है कि वह कैसा जीवन जीएगा। जैसा कोई मन में सोचता है, वैसा ही वह है (देखें नीति. 23:7)। यदि कोई खेलों के लिए समर्पित है, दुनिया घूमना उसे अच्छा लगता है, या उसे किताबें पढ़ने का जुनून है, तो उसके मन की दिलचस्पी उससे पता चल जाएगी जिसे वह सराहता और वैसा जीवन वह जीता है। यीशु त्याग से भरा, आत्मिक और सेवा करने को तैयार था क्योंकि उसका मन परमेश्वर का था। वह अपने काम, अपने विश्राम, अपने जीवन, और लोगों के लिए अपने प्रेम में परमेश्वर का जीवित पुत्र था।

सबसे ऊंचा जीवन जो कोई जी सकता है वह मसीह के जीवन जैसा जीवन है, परन्तु आइए पहले खर्च का हिसाब लगा लें। सबसे बढ़िया जीवन जीने की कीमत चुकानी पड़ती है। यानी इसके लिए त्याग वाला स्वभाव, गहरी आत्मिकता और सेवा वाला जीवन होना आवश्यक है।

आत्मिक मृत्यु का भयानक सफर (3:22-30)

शास्त्री और फरीसी यीशु के समय के प्रभावशाली धार्मिक गुरु थे। बहुत से शास्त्री पुराने नियम की बाइबल की प्रतियां बनाने में घण्टों काम करते थे। लोग इन शास्त्रियों को पवित्र शास्त्र के सबसे ज्ञानी गुरु मानते थे।

कुछ शास्त्री यीशु पर नज़र रखने के लिए यरूशलेम से गलील में आए थे। उसका पीछा करते करते, उन्होंने उसे बोलते सुना और आश्चर्यकर्म करते देखा था। इसके साथ ही वे उसके जीवन और काम को परख भी सकते थे। यह सारी खोज कर लेने के बाद, उसे अच्छी तरह से

जांच परख लेने के बाद, वे उसके बारे में अपने निर्णय पर पहुंचे थे।

यीशु से पहली बार मिलने पर इन शास्त्रियों ने एक आत्मिक सफर पर जाना चुना था जो उन्हें यीशु के सम्बन्ध में एक खतरनाक आकलन की घोषणा करने तक ले गया। अंत में वे एक अंधकार भरी डरावनी जगह पर पहुंच गए। उनके मन इतने बिगड़ गए थे कि उन्हें ''क्षमा न किए जा सकने वाले मन'' कहा जा सकता है। उनका सफ़र बेशक सबसे खतरनाक था, जिस पर कोई मनुष्य कभी चल सकता हो। आइए उनके उस खेदजनक दौरे को देखते हैं, जो उनकी आत्मिक मृत्यु के साथ खत्म हुआ।

1. इस सब का आरम्भ कहां से हुआ? इसका आरम्भ परमेश्वर के पुत्र को *टुकराने* से हुआ। उन्होंने उसे बोलते हुए सुना था और उसके आश्चर्यकर्मों को देखा था। ईश्वरीय प्रबन्ध के द्वारा यीशु के निष्कलंक जीवन का ध्यान से अध्ययन करने की अनुमति पाकर, वे उसके आगे पीछे रहते थे और अपने नोट्स लिखते थे। परन्तु इतने सारे अवसर मिलने के बावजूद उन्होंने यीशु को नकार दिया था। उन्होंने उस सच्चाई को नकारा था जो यीशु ने बताई थी, और उन्होंने उसे भी नकारा था जो यीशु था। वे पृथ्वी पर परमेश्वर के पुत्र से मिले थे, परन्तु उससे मिलने के बावजूद वे उन लोगों के साथ थे, जिन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ाना था।

2. उनके सफ़र का दूसरा भाग उस *घोषणा* में है जो उन्होंने की। अपने निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए उन्हें कुछ समय लगा था, परन्तु अब वे निष्कर्ष पर पहुंच चुके थे और इसकी घोषणा करने को तैयार थे। इस पर विचार करना एक बात है, परन्तु लोगों में इसकी घोषणा करना बिल्कुल अलग बात है।

शास्त्रियों ने यीशु के सम्बन्ध में अपने निर्णय को दो वाक्यों में दिया: ''उसमें शैतान है,'' और ''वह दुष्टात्माओं के सरदार की सहायता से दुष्टात्माओं को निकालता है'' (3:22)। उन्होंने कहा कि बालज़बूल ने उस पर कब्जा किया हुआ है या उसके अंदर है, यानी शैतान खुद यीशु में रहता है और उसका उस पर कब्जा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह बालज़बूल की शक्ति से आश्चर्यकर्म करता और दुष्टात्माओं को निकालता है। पुराने नियम के समय में ''बालज़बूल'' का अर्थ शायद ''मक्खियों का स्वामी'' के जैसा कुछ है, परन्तु नये नियम के समयों में इसे शैतान के साथ जोड़ा जाता था।

यह नाम जो उन्होंने यीशु के कामों के लिए दिया उन सबसे खराब विवरणों में से एक था जो परमेश्वर के पुत्र के सम्बन्ध में दिया जा सकता था। इसका अर्थ यह था कि यीशु के बारे में कुछ भी पवित्र नहीं था यानी वह पूरी तरह से बुरा है और उसमें अपने आप में कोई शक्ति नहीं थी, बल्कि वह तो बुराई की शक्ति से काम करता था।

यीशु ने शास्त्रियों को सिखाने की कोशिश बन्द नहीं की। उसने उन्हें इकट्ठे किया और दो उदाहरण दिए। पहला उदाहरण फूट को दुर्बल करने देने की बात की। उसने कहा, ''शैतान कैसे शैतान को निकाल सकता है'' (3:23)। यीशु ने तर्क दिया कि शैतान के अपने ही विरोध में होने की बात सोचना बेतुका है। यदि वह ऐसा करता तो उसने अपने आपको नाश कर लेना था। उसने आगे कहा कि कोई भी राज्य यदि अपने ऊपर हमला करता है तो वह नष्ट हो जाएगा। अपनी बात को और पक्का करने के लिए उसने कहा कि यही बात किसी घर पर लागू होती है। उसने कहा कि यदि कोई घर अपना ही विरोधी हो जाए तो यह गिर जाएगा। यीशु के समय भी

लोगों ने परिवारों को बिखरते हुए देखा था, क्योंकि उनके सदस्य एक-दूसरे के विरोध में हो गए थे। वे एक-दूसरे को तब तक काट खाने को तैयार रहते थे जब तक वह घर पूरी तरह से बर्बाद नहीं हो जाता। ''इसलिए'' उसका कहना था कि ''मेरा निष्कर्ष स्पष्ट है और सही सोच वाले हर व्यक्ति को इसे मानना पड़ेगा: 'इसलिये यदि शैतान अपना ही विरोधी होकर अपने में फूट डाले, तो वह कैसे बना रह सकता है? उसका तो अन्त ही हो जाता''' (देखें 3:26)। यीशु का कहना था कि यह कहना बेतुका है कि उसने शैतान की शक्ति से दुष्टात्माओं को निकाला था। वह इन शास्त्रियों को यह सच्चाई बता देना चाहता था कि वह कौन है।

परन्तु यीशु की बात अभी खत्म नहीं हुई थी। उसने एक और उदाहरण दे दिया। उसने किसी बलवंत को लूटने वालों के तरीके की बात की। उसने कहा, '''परन्तु कोई मनुष्य किसी बलवन्त के घर में घुसकर उसका माल नहीं लूट सकता, जब तक कि वह पहले उस बलवन्त को बाँध न ले; और तब उसके घर को लूट लेगा''' (3:27)। यीशु की बात एक बार फिर से बिल्कुल साफ है। एक अर्थ में वह समझा रहा था कि ''मैंने शैतान को 'लूट लिया' है।'' प्रतीकात्मक रूप में कहें तो यीशु ने शैतान के घर में घुसकर उसकी दुष्टात्माओं को निकाल दिया था। उसने ऐसा कैसे किया था? उसने शैतान को अपनी बलवंत भुजा के साथ पकड़ रखा और दुष्ट आत्माओं को उनमें से निकाल दिया, जिनमें वे रहते थे। अपने आश्चर्यकर्मों में उसे हस्तक्षेप करने से रोकने के लिए उसका शैतान को पकड़कर रखना आवश्यक था।

शास्त्रियों के आरोप के बेतुकेपन को दिखाते हुए, यीशु ने इसे पूरी तरह से नंगा कर दिया। क्या शैतान ने अपने आपको बांधकर, अपना सामान खुद ही लूटना था? कोई यह विश्वास नहीं कर सकता था! शास्त्रियों के तर्क में कोई स्च्चाई नहीं थी। यीशु बिल्कुल स्पष्ट था, फिर भी शास्त्रियों ने सच्चाई को मानने से बिल्कुल इनकार कर दिया।

3. इस खतरनाक सफ़र का तीसरा भाग यह है कि शास्त्री उस *गिरावट* तक चले गए जो छुटकारे से बाहर थी। यीशु ने यह कहने के लिए कि वे कहां थे, अपनी बात यह कहते हुए आरम्भ की: ''मैं तुम से सच कहता हूँ कि मनुष्यों की सन्तान के सब पाप और निन्दा जो वे करते हैं, क्षमा की जाएगी'' (3:28)। आगे उसे साफ़ साफ़ कहा कि एक पाप को छोड़, हर पाप क्षमा किया जा सकता है। तरसुस वासी शाऊल जो कि बड़ा प्रेरित पौलुस बन गया, बाद में इस बात का अच्छा उदाहरण बन गया जो यीशु यहां कह रहा था। तीमुथियुस के नाम लिखे एक पत्र में पौलसु ने कहा, ''मैं तो पहले निन्दा करने वाला, और सताने वाला, और अन्धेर करने वाला था; तौभी मुझ पर दया हुई, क्योंकि मैं ने अविश्वास की दशा में बिन समझे बूझे ये काम किए थे'' (1 तीमु. 1:13)। दूसरे शब्दों में, परमेश्वर के अनुग्रह की अनोखी व्यापकता है। यदि हम मन फिरा लें, तो हमारे सब पाप क्षमा हो जाएंगे, पवित्र लोगों को सताने से लेकर क्रोध में किसी भाई को तकलीफ़ देने तक। चाहे वे कितने भी छोटे या कितने भी बड़े क्यों न हों।

फिर यीशु ने उन सबसे गम्भीर शब्दों के साथ जिनमें वह कह सकता था, अपने आलोचकों का विनाश के मार्ग पर जाने का वर्णन किया: ''परन्तु जो कोई पवित्र आत्मा के विरुद्ध निन्दा करे, वह कभी भी क्षमा न किया जाएगा: वरन् वह अनन्त पाप का अपराधी ठहरता है'' (3:29)। प्रभु की इस घोषणा को लिख देने के बाद मरकुस ने तुरन्त इसे सही ठहरा दिया। उसने कहा कि यीशु ने यह दावा इसलिए किया ''क्योंकि वे कहते थे कि उसमें अशुद्ध आत्मा है'' (3:30)।

इन शास्त्रियों ने जिनसे यीशु बात कर रहा था, उसे उपदेश देते सुना था और उन्होंने उसे आश्चर्यकर्म करते देखा था। उन्हें उसकी सच्चाई को जानने के एक से बढ़कर एक अवसर दिए गए थे। परन्तु उन्होंने उस सच्चाई को नकार दिया था। इस नकारने में सबसे बढ़कर उन्होंने यीशु पर शैतान के काबिज़ होने और उसके शैतान की शक्ति से आश्चर्यकर्म करने का आरोप लगाया था। उनके काम और उनकी बातें यीशु के लिए स्पष्ट संकेत था कि उनके मन इतने कठोर हो चुके हैं कि उनकी मरम्मत नहीं हो सकती। यीशु ने कहा कि उन्होंने उस सच्चाई को नकारकर कि वह कौन है, पवित्र आत्मा के विरोध में पाप किया था। उनके मन बुराई से इतने कठोर हो गए थे कि वे कभी मन फिराकर उसकी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर सकते थे। उन्होंने अपने मनों को ऐसे बना लिया था जिनकी क्षमा नहीं हो सकती थी।

निष्कर्ष: सबसे बड़ा पाप मन को कठोर करके विश्वास न करने का पाप है। कोई उस मार्ग पर वहां से नीचे की ओर जा सकता है जहां से वह वापस नहीं आता। उसका मन सच्चाई को नकारने और यीशु के विरुद्ध विद्रोह करने से नष्ट हो सकता है। हठी मन को सिखाया नहीं जा सकता।

हर व्यक्ति को अपने मन को उस सच्चाई की ओर जाने पर लगाना चाहिए जो यीशु ने दी है। जब तक वह सच्चाई की ओर आगे बढ़ता है तब तक वह मनुष्य के मन के कठोर होने से बचा हुआ है। परन्तु यदि वह अपने मन को गलत की ओर जाने देता है यानी यीशु को ठुकराने की ओर, और शैतान के साथ आनन्द भरी संगति की ओर, तो उसका हर कदम अनन्त पाप की ओर बढ़ते हुए, उसके मन को ऐसा बना देता है जिसे क्षमा नहीं किया जा सकता।

आइए उस सारी खराई के साथ जो हमारे अंदर है अपने आप से पूछें, ''मैं किधर जा रहा हूं - सच्चाई की ओर या इससे दूर?'' हमारे सामने आने वाला सबसे बड़ा सवाल यही होगा।

यीशु के परिवार के लोग होना (3:31-35)

मरकुस 3 में, एक बार फिर से यीशु को किसी घर के अंदर लोगों को उपदेश देते हुए दिखाया गया है (देखें 3:20, 21)। गांव के लोग उसे सुनने के लिए आ गए थे जिस कारण सारा घर भर गया। मरकुस ने कहा, ''भीड़ उसके आस-पास बैठी थी'' (3:32)। वे नीचे ही बैठे होंगे। साफ है कि उन्होंने उसे इस प्रकार से घेरा डाला हुआ था कि उसके पास पहुंचने के लिए लोगों के ऊपर से होकर जाना पड़ना था। इन बैठे हुए लोगों के पीछे, दीवारों के साथ साथ और घर के प्रवेश द्वार के बाहर की ओर और लोग खड़े थे। बाहर खड़े लोग घर के अंदर आने वालों के लिए दरवाजे पर रुकावट थे।

जब यीशु इन लोगों को विचार से अगुआई दे रहा था तभी मरियम और यीशु के परिवार के दूसरे लोग आ गए और घर में दाखिल होने की कोशिश करने लगे ताकि वे यीशु से बात कर सकें। हमें नहीं मालूम कि उन्होंने क्या खबर या अफ़वाह सुनी थी जिस कारण वे नासरत से कफरनहूम में आ गए। यदि हम 3:21, 22 को इस दृश्य की पृष्ठभूमि के रूप में जोड़ें तो हम कह सकते हैं कि उन्होंने सुना होगा कि यीशु राज्य की अपनी शिक्षा में कुछ अधिक ही आगे बढ़ गया है और वह भूखा रहता है, यहूदी अगुओं के साथ झगड़ता है और कई बार उसे अपने आपकी होश नहीं होती। चाहे हम पक्का नहीं कह सकते कि उनके दिमाग में उसके बारे में क्या

चल रहा था, पर इतना साफ है कि वे मजबूर होकर आए थे और उन्हें लगता था कि यीशु चाहे जो भी कर रहा हो उन्होंने उससे बात करनी आवश्यक है।

यीशु के पास न जा पाने पर, उसके परिवार के लोगों ने अगली सबसे बढ़िया बात की कि उन्होंने उस तक खबर पहुंचाने की कोशिश की। उन्होंने घर के बाहर किसी को बताया होगा और उस व्यक्ति ने दरवाजे के अंदर खड़े किसी और को बताया होगा, फिर उस अगले ने नीचे बैठे किसी व्यक्ति को बताया होगा, फिर उसने अपने से अगले को, और इस प्रकार से करते करते अंत में यीशु के कान में (शायद प्रेरितों में से) किसी ने कहा कि उसके परिवार के लोग बाहर खड़े हैं और उससे बात करना चाह रहे हैं।

यह समझते हुए कि उसके परिवार के लोग उसके उपदेश में खलल डालना चाह रहे हैं, यीशु ने संदेश पहुंचाने वाले को इतने ऊंचे शब्द से जवाब दिया जिससे हर किसी को सुनाई दे सके: ''मेरी माता और मेरे भाई कौन हैं?'' (3:33)। थोड़ा रुकने के बाद जिससे यीशु की अगली टिप्पणी में उसकी आवाज़ ऊंची हो गई होगी, उसने उनकी ओर देखते हुए जो उसके पास बैठे थे, सम्भवतया प्रेरितों। अपना हाथ उनकी ओर घुमाते हुए, उसने कहा, ''देखो, मेरी माता और मेरे भाई ये हैं। क्योंकि जो कोई परमेश्वर की इच्छा पर चले, वही मेरा भाई, और बहिन, और माता है'' (3:34, 35)।

इस अवसर पर, यीशु ने अपने वास्तविक परिवार यानी उस नये परिवार के बारे में कुछ कहना चुना, जिसका आरम्भ वह कर रहा था। अपने शारीरिक परिवार को नीचा दिखाए बिना, उसने उन लोगों की सोच को, जो वहां पर थे, जीवन के एक नये स्तर अर्थात स्वर्गीय परिवार तक ऊंचा किया, जिसका पता हमें तब चलता है जब हम मसीह के चेले बन जाते हैं।

1. यीशु हमें बताना चाहता था कि *उसका असली परिवार आत्मिक है*। उसके शारीरिक परिवार के लोग यानी उसके भाइयों के साथ उसकी माता, मरियम (3:35 में ''बहिन'' शब्द इस्तेमाल हुआ है) उस घर के बाहर खड़े थे जिसमें वह था, जो अलग सा माहौल देता है। वहां पर हर किसी को पता था कि यीशु इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि उसका एक और परिवार, यानी प्रतीकात्मक परिवार अर्थात एक आत्मिक परिवार है, और इस दूसरे परिवार का महत्व उसके शारीरिक परिवार को पीछे कर देता है। जिस विशेष महत्व का संकेत उसने दिया वह उसके नये परिवार के आत्मिक होने से निकला था।

उसके आस-पास के लोगों (और हमारे) लिए यह देखना आवश्यक था कि राज्य जो आ रहा था उसमें सुन्दर परिवार का स्वभाव होना था। वह अपने शारीरिक परिवार का अनादर नहीं कर रहा था बल्कि उसे उसकी सही जगह पर रख रहा था। यीशु शारीरिक परिवार को खत्म करने के लिए नहीं आया बल्कि वह इसे एक ऐसे मंच में बदलने के लिए आया जिस पर उसका आत्मिक परिवार बन सके।

2. यीशु यह भी संकेत दे रहा था कि *उसके परिवार का अनन्तकालिक महत्व है*। मत्ती ने लिखा कि यीशु ने यह कहते अपने चेलों की ओर हाथ फैलाते हुए, ''देखो, मेरी माता और मेरे भाई ये हैं'' (मत्ती 12:49)। प्रेरित उसके पास ही और उससे बिल्कुल सामने बैठे होंगे। उसने उन्हें उस अनन्त राज्य में जिसकी वह तैयारी कर रहा था, नींव के पत्थर बनने के लिए बुलाया था। जब यीशु ने इन प्रेरितों के साथ राज्य को कलीसिया के रूप में देखने की बात की, तो उसने

कहा कि अधोलोक के फाटक इस पर प्रबल नहीं हो पाने थे (मत्ती 16:18)। वह यही संकेत दे रहा होगा कि इसके आने या इसके विजयी जीवन को अधोलोक रोक नहीं सकते थे।

असली, पक्के सम्बन्ध शारीरिक में नहीं मिलते हैं बल्कि वे अनन्त मसीह में मिलते हैं जो कि अनन्त है। अपने आत्मिक सम्बन्ध में दाऊद और योनातान का रिश्ता शाऊल और योनातान के पिता पुत्र के रिश्ते से बढ़कर था। दाऊद और योनातान को परमेश्वर के द्वारा एक किया गया था। और उस एक होने के द्वारा उनका परमेश्वर की ओर से आत्मिक और अनन्तकालिक सम्बन्ध था। शाऊल और योनातान का रिश्ता केवल शारीरिक था। दाऊद और योनातान अनन्त भाई थे; शाऊल और योनातान केवल सांसारिक पिता और पुत्र के रिश्ते से जुड़े थे।

3. यीशु ने 3:33-35 के आधे से अधिक विवरण इस तथ्य के लिए दिया कि *उसके परिवार की विशेषता आज्ञा मानने में है*। उसने कहा, ''देखो, मेरी माता और मेरे भाई ये हैं। क्योंकि जो कोई परमेश्वर की इच्छा पर चले, वही मेरा भाई, और बहिन, और माता है।'' उसकी बात हमें यूहन्ना के शब्दों को याद दिलाती है: ''संसार और उसकी अभिलाषाएं दोनों मिटते जाते हैं, पर जो परमेश्वर की इच्छा पर चलता है, वह सर्वदा बना रहेगा'' (1 यूहन्ना 2:17)।

यीशु के परिवार में केवल सदा रहने वाले वचन की आज्ञा मानकर ही आया जा सकता है (देखें 1 पतरस 1:23); और इसके विश्वासी सदस्य केवल उस वचन में बने रहकर ही रहा जा सकता है। यीशु ने कहा, ''जो उसकी आज्ञाओं को मानता है, वह इसमें; और यह उसमें बना रहता है'' (1 यूहन्ना 3:24)।

हम यीशु के नहीं हो सकते जब तक हम इसकी आज्ञा मानने के द्वारा उसके आज्ञाकार नहीं होते (देखें यूहन्ना 14:15)। यह तथ्य उसके परिवार/राज्य के आत्मिक नियमों में से एक है। यह शारीरिक परिवार से भी बढ़कर मज़बूत है। उसकी माता, उसके भाइयों और उसकी बहनों को भी इस नियम से छूट नहीं होनी थी। उन्होंने इस सबक को सीख लिया और प्रेरितों 1 में हम देखते हैं कि उसकी माता, याकूब, योसेस, यहूदा, शमौन और निश्चय ही बहनें भी विश्वासियों में थे।

निष्कर्ष: हम अक्सर कहते हैं कि संसार में सबसे बढ़िया संस्थाओं में से घर सबसे सुन्दर है। मसीही घर पर भी यही बात लागू होती है। मसीही घर को इतना सुन्दर और सार्थक कौन सी बात बनाती है? यह अवश्य ही शारीरिक पहलू से बढ़कर है। जब घर मसीही घर बन जाता है तो यह मसीह का परिवार भी बन जाता है; और जब यह मसीह का परिवार बन जाता है तो यह आत्मिक, अनन्त और आज्ञाकारी घर बन जाता है। संसार में घर सबसे सुन्दर संस्था तभी बनती है।

हम अच्छा, उससे अच्छा, और बहुत अच्छा कहते हैं। सही ढंग से व्यवस्थित घर अच्छा घर है। जब उस घर के लोग एक-दूसरे के प्रति प्रेम भाव रखते हैं, उनकी अच्छी यादें होती हैं, और जीवन के तूफ़ानों को सहते हैं तो यह और अच्छा हो जाता है। परन्तु जब वही घर मसीह को अपना प्रभु बना लेता है, और मसीह की महिमा को इसे भरने देता है, और मसीही जीवन के सदा रहने वाले स्वभाव को अपना लेता है, तो वह घर परमेश्वर की ओर से दिया गया बहुत ही अच्छा है। आइए हम अच्छा और बहुत अच्छा से भी आगे निकलकर परमेश्वर के बहुत ही अच्छे तक पहुंचें!

टिप्पणियां

[1]समानांतर विवरण मत्ती 12:9-14 और लूका 6:6-11 में हैं। [2]देखें मरकुस 3:1-6; लूका 13:10-17; 14:1-6; यूहन्ना 5:1-16; 7:21-24; 9:13-16. [3]*डमैस्कस डॉक्यूमेंटस,* 11:13, 14. [4]यह विवरण 1 मक्काबियों 2:29-38 के अप्रामाणिक लेख में दिया गया है। बेशक इससे इसके तुरन्त बाद व्यवहार में बदलाव आ गया, जब दूसरे लोगों ने सब्त के दिन भी आक्रमण करने के विरोध में अपना बचाव करने का फैसला किया (1 मक्काबियों 2:39-41)। [5]मत्ती 22:16 और मरकुस 12:13 में भी हेरोदियों का नाम है। जोसेफ़स ने ''हेरोदियों'' की नहीं की परन्तु ''एसेनियों'' की बात की। (जोसेफ़स *वार्स* 3.2.1 [11]; 5.4.2 [145].) उसने कहा कि हेरोदेस उनका आदर करता था क्योंकि उसका मानना था कि वे ईश्वरीय प्रकाशन पाने में समर्थ थे। (जोसेफ़स *ऐंटिक्विटीस* 15.10.4, 5 [372, 379].) शिमोन गिब्सन ने कहा कि हरोदेस उनका सम्मान करता था, जिस कारण उन्हें साधारण लोग ''हेरोदी'' कहते होंगे। (शिमोन गिब्सन, *द फाइनल डेज़ ऑफ़ जीज़स: द आर्कियोलॉजिकल एविडेंस* [न्यू यॉर्क: हार्परवन, 2009], 100.) [6]ये झगड़े और आरोप यीशु के क्षमा देने (2:7), पापियों के साथ खाने (2:16), उपवास न रखने (2:18), अपने चेलों को सब्त के दिन काम करने देने (2:24) और सब्त के दिन चंगाई देने (3:2) पर केन्द्रित थे। [7]एक समानांतर विवरण मत्ती 12:15, 16 में है। [8]काल से यह संकेत मिलता है कि दुष्टात्माएं गिरती रहीं; बेशक उनके कार्य उन मानवीय देहों के द्वारा होते थे जिन पर उनका नियन्त्रण होता था। [9]देखें मत्ती 14:33; 16:16; 27:40; मरकुस 1:1; यूहन्ना 3:18; 20:28, 30, 31. [10]विलियम हैंड्रिक्सन, *एक्सपोज़िशन ऑफ़ द गॉस्पल अकॉर्डिंग टू मरकुस,* न्यू टैस्टामैंट कॉमैंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1975), 121.

[11]समानांतर विवरण मत्ती 10:2-4 और लूका 6:12-16 में हैं। [12]याकूब का नाम बदलकर इस्राएल कर दिया गया (उत्पत्ति 32:28) और बारह गोत्र उसके पुत्रों में से हुए। लेवी याजकीय गोत्र बन गया और उसे कोई भूमि आबंडित नहीं की गई। यूसुफ़ के दो पुत्रों एप्रैम और मनश्शै को गोत्रों के सरदार बना दिया गया, जिससे इस्राएल के गोत्रों की संख्या बारह हो गई। [13]हैंड्रिक्सन, 131. [14]समानांतर विवरण मत्ती 12:24-29 और लूका 11:15-22 में हैं। [15]''दृष्टान्तों'' की चर्चा के लिए 4:2 पर टिप्पणियां देखें। [16]जोसेफ़स ने कुछ यहूदियों के बाहरी कार्यों का वर्णन किया जो नाक में बाली यानी जादू टोनो का जिन्हें सुलैमान के माना जाता है, और पानी का छलकता कटोरा इस्तेमाल करते हुए दुष्टात्माओं को निकालने का दावा करते थे। (जोसेफ़स *एंटिक्विटीस* 8.2.5 [45-49].) [17]विलियम बार्कले, *द गॉस्पल ऑफ़ मरकुस,* दूसरा संस्करण, द डेली स्टडी बाइबल (फिलाडेल्फिया: वेस्टमिंस्टर प्रेस, 1956), 74. [18]समानांतर विवरण मत्ती 12:30-32 में है। [19]वाल्टर बाउर ने *आमीन* की यह परिभाषा दी: ''कही गई बात की पक्की पुष्टि ... ऐसा ही हो, सचमुच ... पक्की घोषणा का आरम्भ परन्तु इसका इस्तेमाल केवल यीशु द्वारा किया गया (*मैं तुम से सच-सच कहता हूं*)'' (वाल्टर बाउर, *ए ग्रीक-इंग्लिश लैक्सिकॉन ऑफ़ द न्यू टैस्टामैंट ऐंड अदर अर्ली क्रिश्चियन लिट्रेचर,* तीसरा संस्करण, संशो व सम्पा. फ्रेड्रिक विलियम डैंकर [शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस, 2000], 53)। [20]हैंड्रिक्सन, 137-38.

[21]''सच-सच'' अनुवाद हुई यह अभिव्यक्ति नये नियम में पच्चीस बार इस्तेमाल हुई है, जिसमें यूहन्ना में केवल एक बार इसका इस्तेमाल हुआ है। पुराने नियम में यह इस्तेमाल गिनती 5:22; नहेम्याह 8:6; और भजन 41:13; 72:19; 89:52 में मिलता है। [22]जोसेफ हेनरी थेयर, *ए ग्रीक-इंग्लिश लैक्सिकन ऑफ़ द न्यू टैस्टामैंट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ौंडरवन पब्लिशिंग हाउस, 1962), 102. [23]ऐलन ब्लैक, *मरकुस,* द कॉलेज प्रेस NIV कॉमैंट्री (जोपलिन, मिसोरी: कॉलेज प्रेस पब्लिशिंग कं., 1995), 84. [24]लाज़र और धनवान (जिसे आम तौर पर ''dives'' कहा जाता है जो कि ''रईस'' के लिए लातीनी शब्द है; लूका 16:19-31) को ''दृष्टांत'' कहा जाए या न, परन्तु यीशु ने कभी झूठ नहीं बताया या दृष्टांतों के रूप में इस्तेमाल करने के लिए मिथ्या कहानी नहीं बनाई। किसी और दृष्टांत में किसी का नाम नहीं दिया गया है (जैसे दृष्टांत में अब्राहम और लाज़र के नाम दिए गए हैं; 2 पतरस 2:4), अब्राहम कब्र में से नहीं बोलता, या कोई विशेष घोषणा नहीं करता या अधोलोक (टारटरस या ''नरक'') से कोई बचाव नहीं है। [25]समानांतर विवरण मत्ती 12:46-50 और लूका 8:19-21 में हैं। [26]स्पष्टतया यह तर्क देने वाला कि यह यीशु के भाई नहीं थे पहला व्यक्ति एपिफेनियस (लगभग 310-403 ई.) था। (एपिफेनियस, *द पैनेरियन ऑफ़ एपिफेनियस ऑफ़ सालामिस,* बुक 1 [सेक्टस 1-46], 2रा संस्करण, संशो व अनुवाद, फ्रैंक विलियम्स [बोस्टन: ब्रिल, 2009], 121.)। यह उस समय सुझाया गया था जब अर्चना की महिमा प्रसिद्ध हो रही थी। [27]जेरोम द *परपेचुअल वर्जिनिटी ऑफ़ ब्लेस्सड मेरी: अगेंस्ट हेल्विडियुस* 15-16. [28]मरियम के ''कुंवारी रहने'' की अवधारणा

अब कैथोलिक धर्म सिद्धांत बन गई है। ''मरियम की पूजा'' मरियम को परमेश्वर के बराबर मानते हुए उसकी मूर्तिपूजा है। कुंवारी से जन्म के सम्बन्ध में, देखें लूका 1:26–38. मत्ती 1:25 कहता है कि ''यूसुफ़ ने [मरियम] को तब तक नहीं जाना जब तक उसने एक पुत्र को जन्म नहीं दिया'' (ESV)। मत्ती 12:46 और 13:55 संकेत देते हैं कि बाद में मरियम के और बच्चे हुए। [29]कैथोलिक लिटर्जी के सम्बन्ध में यह बात सच है, जिसमें मरियम को ''परमेश्वर की माता और कुंवारी ...'' बताया जाता है। [30]अपनी सेवकाई के आरम्भ में यीशु ने कहा कि वह इसी के लिए आया था (लूका 4:43; देखें मरकुस 1:14, 15) और यह कि यह जल्दी आने वाला था (मरकुस 9:1)। नया नियम यह दिखाता है कि इसमें सफल हुआ (कुल. 1:13) और अब हमें राज्य के लाभ मिल रहे हैं (इब्रा. 12:28)।

[31]जॉन एस. नॉरिस, ''वेयर ही लीड्स मी आई विल फॉलो,'' का अनुवाद, *सॉन्ग्स ऑफ़ फ़ेथ ऐंड प्रेज़,* संस्क. और सम्पा. आल्टन एच. हॉवर्ड (वैस्ट मोनरो, लुइसियाना: हॉवर्ड पब्लिशिंग कं., 1994)।